Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 306 | शुक्रवार, 07 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में आज होगा आयोजन

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोह की शुरूआत करेंगे और एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। यह कार्यक्रम सात नवंबर 2025 से सात नवंबर 2026 तक एक साल तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी उत्सव की औपचारिक शुरूआत का प्रतीक है, जो इस कालजयी रचना के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाता है। इसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को बनाए रखा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के वर्षभर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस समारोह में मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ, समाज के सभी वर्गों के नागरिकों की भागीदारी के साथ, सार्वजनिक स्थानों पर सुबह लगभग 9:50 बजे वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया जायेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वंदे मातरम बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर सात नवंबर 1875 को लिखा गया था। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि 7 नवंबर का दिन देशवासियों के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। हम वंदेमातरम्-गान के गौरवशाली 150 वर्षों का उत्सव मनाने जा रहे हैं। यह वो प्रेरक आह्वान है, जिसने देश की कई पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत किया है। आगे बोले कि इस विशेष अवसर पर सुबह करीब 9:30 बजे दिल्ली में एक समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा। यहां एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया जाएगा। वंदेमातरम् का सामूहिक गायन इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा!



## गृहमंत्री अमित शाह आज पूर्णिया में करेंगे रोड शो ,भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगेंगे वोट

**पूर्णिया।**

पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने स्थानीय टैक्सी स्टैंड स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री के रोड शो के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमीत साह रोड शो करेंगे और जनता से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने 121 विधानसभा सीटों के लिए हुए मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी किया है।



## दोबारा दुल्हन बनने से पहले पकड़ी गईं 69 युवतियां

**बागपत।** सभी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 60 हजार रुपये और सामान झटकने के लिए खुद को अविवाहित बताकर ऑनलाइन आवेदन कर दिया था। सत्यापन कराने पर यह फजीर्वाड़ा पकड़ में आया और पता चला कि इनकी एक-दो महीने पहले शादी हो चुकी है। दोबारा दुल्हन बनने से पहले ही 69 युवतियां पकड़ी गईं। इन सभी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 60 हजार रुपये और सामान झटकने के लिए खुद को अविवाहित बताकर ऑनलाइन आवेदन कर दिया था। सत्यापन कराने पर यह फजीर्वाड़ा पकड़ में आया और पता चला कि इनकी एक-दो महीने पहले शादी हो चुकी है।

## पीओके में पाकिस्तान के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शिक्षा सुधार की मांग पर शुरू हुआ छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन पुलिस फायरिंग के बाद हिंसक हो गया। जेन-जी के नेतृत्व में आंदोलन ने शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़ा रूप ले लिया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है।



## 'जाति या धर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए कोई भेदभाव': वायुसेना प्रमुख



**गांधीनगर।**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को युवाओं से भारत का खोया हुआ गौरव वापस लाने, इसे अतीत की तरह एक महान देश बनाने और जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव को त्यागने का आग्रह किया। कर्णावती विश्वविद्यालय के छठे दीक्षा समारोह के दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस देश को महान बनाना है। हम कभी दुनिया में अग्रणी थे। लेकिन, पिछली कुछ शताब्दियों में हम पिछड़ गए। अगर हमें फिर से अच्छा करना है तो आप जैसे लोग ही मायने रखेंगे जो इस देश का भविष्य हैं। एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। आगे बोले कि कोई सामाजिक विभाजन नहीं होना चाहिए। हमारी रगों में एक ही खून बहता है और हम सभी एक ही धरती के हैं। जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। तभी हमारा देश प्रगति करेगा। उन्होंने छात्रों से समाज को कुछ वापस देने के बारे में सोचने का आग्रह करते हुए कहा कि कुछ और बनने से पहले उन्हें करुणा, ईमानदारी, निष्ठा और निःस्वार्थता जैसे गुणों वाले अच्छे इंसान बनने का प्रयास करना होगा।

## बंगाल के सरकारी स्कूलों में सुबह की प्रार्थना में राज्य गीत अनिवार्य, निर्देश जारी



**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की प्रार्थना में राज्य गीत गाना अनिवार्य कर दिया है। पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इसे लेकर निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि स्कूलों में सुबह की प्रार्थना में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' (बंगाल की मिट्टी, बंगाल का पानी) गाना होगा। मालूम हो कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित इस गीत को 2023 में ममता सरकार ने राज्य गीत का दर्जा प्रदान किया था। इसे लेकर विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया गया था। तब इसे लेकर काफी विवाद भी हुआ था। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व सचिव सुब्रत घोष ने कहा कि अब से सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की प्रार्थना सभा में राज्य गीत को गाना अनिवार्य होगा। शिक्षाविद् पवित्र सरकार ने कहा कि इसे प्रार्थना गीत के तौर पर शामिल किए जाने में कुछ गलत नहीं है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के साथ बांग्लाभाषियों की भावनाएं जुड़ी हैं लेकिन सरकार इसे इस तरह से थोप नहीं सकती। जादवपुर विश्वविद्यालय के बांग्ला विभाग के अध्यापक राजेश्वर सिंह ने बताया कि गीत को आनंदपूर्वक गाया जाना चाहिए।

## भाजपा ने लगाए घुसपैठ के आरोप

# बंगाल के सीमाई मुस्लिम बहुल इलाकों में देश की तुलना में दोगुना हुए मतदाता

**कोलकाता।**

बंगाल में पिछले दो दशक में बांग्लादेश की सीमा से सटे मुस्लिम बहुल इलाकों में देश की तुलना में मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि दर्ज हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि 2002 से 2025 के दौरान उत्तर दिनाजपुर जिले में यह बढ़ोतरी 105 प्रतिशत यानी दुगुनी से भी ज्यादा है।

मालदा में मतदाताओं की संख्या 95 प्रतिशत व जलपाईगुड़ी में 82 प्रतिशत बढ़ी हैं, वहीं उत्तर 24 परगना में 83 प्रतिशत व दक्षिण 24 परगना में 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, हालांकि इससे इतर कोलकाता में पिछले 23 वर्षों के दौरान मतदाताओं की संख्या में मात्र चार प्रतिशत का ही इजाफा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार बंगाल में 2002-2009 के दौरान मतदाताओं की संख्या में 4.99 प्रतिशत, 2009 से 2017 तक 21.8 प्रतिशत और 2017-2025 में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। 2002 से 2025 तक की कुल वृद्धि 67.28 प्रतिशत की है। भाजपा का आरोप है कि सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की तादाद बढ़ी है। वे ही मतदाता बनकर बैठे हुए हैं। भाजपा नेता व नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) से मतदाता सूची से एक करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटेंगे।



### मतदाताओं की संख्या में 67.28 प्रतिशत की वृद्धि

समग्र रूप से देखें तो बंगाल में 2002 से 2025 के दौरान मतदाताओं की संख्या में 67.28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जो राष्ट्रीय दर से अधिक है। 2002 में देश में लगभग 65 करोड़ मतदाता थे, जिनकी संख्या वर्तमान में करीब 97 करोड़ हो गई है। यह बढ़ोतरी 49 प्रतिशत की है।

# 'पीएम मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा': ट्रंप

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी बातचीत सकारात्मक और अच्छी चल रही है। उन्होंने संकेत दिया कि वे जल्द भारत यात्रा पर आ सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है। मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे... प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रंप ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है।



# उत्तर भारत में ठंड बढ़ी, जम्मू-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली।**

देश भर में मौसम का मिजाज बदल गया है, कहीं मूसलाधार बारिश तो कहीं बर्फबारी का अलर्ट है। पहाड़ों पर बर्फबारी होने से उत्तर भारत के राज्यों में भी ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग (कटऊ) ने चेतावनी दी है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में आज मेघ गर्जन के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। स्काईमेट ने दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में बादलों की आवाजाही बनी हुई है, हालांकि बीते दो दिनों से बारिश नहीं हुई। बुधवार को एक्यूआई 202 दर्ज किया गया जो ह्यखराबह्न श्रेणी में आता है। आईएमडी के अनुसार शुक्रवार को आसमान साफ रहेगा और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। तेज हवाओं के चलते सर्दी का अहसास बढ़ेगा, जबकि वायु प्रदूषण से राहत की उम्मीद कम है। उत्तर प्रदेश में मौसम सामान्य रहेगा, पर रात और सुबह के समय ठंडक बढ़ेगी। न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री और अधिकतम 29 से 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। बिहार में मौसम साफ रहने का अनुमान है, हालांकि कुछ जिलों में हल्के बादल रहेंगे। 10 नवंबर तक कोहरा और सर्दी की दस्तक की संभावना है। तमिलनाडु के सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



### पहाड़ी राज्य में बर्फबारी से बढ़ी सर्दी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है। रोहतांग, बारालाचा और कुंजुम दर्रे में बर्फ की परत जम चुकी है। उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग और देहरादून में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

## संपादक की कलम से

# सरकार चोरी के संगीन



ललित शर्मा
संपादक

नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो खुलासे किए हैं, उन्हें हाइड्रोजन बम कहें अथवा सरकार चोरी के संगीन आरोप कहें, लेकिन उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राहुल के आरोप चुनाव आयोग की वेबसाइट के तथ्यों पर आधारित हैं। यदि उनमें एक भी आरोप अकाट्य है, अर्द्धसत्य भी है, तो चुनाव आयोग का पूर्ण सत्य ध्वस्त हो सकता है। ऐसे खुलासे सामने आए हैं, जो भारत के चुनाव आयोग की विश्व-विख्यात, तटस्थ, निष्पक्ष, ईमानदार छवि को कलंकित कर सकते हैं। यदि चुनाव आयोग और प्रक्रिया ही दागदार और सवालिया हैं, तो लोकतंत्र की आत्मा ही मर जाएगी, लिहाजा हलफनामे की औपचारिकताओं के बिना ही कमोबेश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इन आरोपों के जवाब देने चाहिए। चूंकि चुनाव आयोग के हरेक महत्वपूर्ण आयोजन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ही देश को संबोधित करते रहे हैं, लिहाजा अब उनकी खामोशी अक्षम्य है। यदि चुनाव आयोग और उसके तीन सूत्रधार आयुक्तों को राहुल गांधी के आरोप बेबुनियाद और खोखले लगते हैं, तो वे कानूनी कार्रवाई करें। प्राथमिकी दर्ज कराएं और राहुल को आरोपित बना कर सर्वोच्च अदालत में केस चलाएं। खामोशी या हलफनामे की शर्त अथवा कांग्रेस के चुनाव एजेंटों पर सवाल दागना कोई स्पष्टीकरण नहीं है। यह देश की सुरक्षा के साथ भ्रष्ट समझौता है कि हरियाणा की मतदाता सूची में ब्राजील की एक मॉडल का फोटो 22 जगह है। एक ही फोटो के साथ सीमा, सरस्वती, स्वीटी, रश्मि, विमला आदि नाम हैं। आखिर यह कैसे हुआ? क्या चुनाव आयोग इतनी लापरवाही से मतदाता पहचान पत्र बनाता है? आयोग का अपना आधुनिक सॉफ्टवेयर है। वह क्लिक करते ही किसी भी फ्रॉड, फर्जी और नकलीपन को पकड़ सकता है और उसे खारिज कर सकता है। राहुल गांधी के खुलासे के मुताबिक, हरियाणा की मतदाता सूची में 5,21,619 डुप्लीकेट मतदाता हैं। चुनाव में 25.41 लाख से अधिक वोटों की चोरी की गई। फर्जी फोटो के साथ मतदाताओं की संख्या 1,24,177 है। हरियाणा में प्रत्येक 8 में से 1 मतदाता नकली है। एक ही पते पर कई वोटर बनाए जाने को बल्क वोटर कहते हैं। यदि एक ही पते पर 10 से अधिक मतदाता हैं, तो चुनाव आयोग को उसकी जांच करना अनिवार्य है, लेकिन हरियाणा में एक ही पते पर 66 या 501 मतदाता बनाए गए। हरियाणा में बल्क वोटर की संख्या 19 लाख 26 हजार 351 है। राज्य की मतदाता सूची में 93,174 मतदाता ऐसे हैं, जिनके पते अमान्य हैं। मतदाताओं के मकान नंबर 0 दिए गए हैं या कुछ और हैं। यानी छोटे से राज्य हरियाणा की मतदाता सूची में इतनी स्पष्ट गड़बडियां अथवा विसंगतियां हैं! आखिर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग कैसे मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का दावा कर सकता है? हालांकि हम राहुल गांधी के संगीन आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकते, क्योंकि हरियाणा की मतदाता सूची हमारे सामने नहीं है और न ही हमने उसका अध्ययन किया है। नेता प्रतिपक्ष ने वोट चोरी के ऐसे ही आरोप महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, दिल्ली आदि राज्यों में भी लगाए हैं। इन अभियानों को विदेशी षड्यंत्र का हिस्सा करार देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। चुनाव आयोग राष्ट्र से ऊपर नहीं है, लिहाजा वह देश के प्रति पूरा जवाबदेह है। हालांकि हरियाणा से संबंधित 22 चुनाव याचिकाएं उच्च न्यायालय के विचाराधीन हैं, लेकिन यह मामला सर्वोच्च अदालत के स्तर का है। बल्कि संविधान पीठ को इस मामले की सुनवाई करनी चाहिए। यदि राहुल गांधी इस संदर्भ में गोलमोल जवाब दे रहे हैं, तो सर्वोच्च अदालत को खुद संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग को तलब करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष के आरोपों की संगीनता इसलिए भी बेहद गंभीर है, क्योंकि उन्होंने ऐसी चोरी को बूथ स्तरीय न मान कर केंद्रीकृत ऑपरेशन करार दिया है।

## उदय किशोर साह



### अजब गजब संसार है

कविता

बेशरमों की विचित्र ये संसार है
नकाब में छिपा यहाँ मक्कार है
बेईमानी के चौखट पे सत्कार है
अजब गजब ये दिखती संसार है

सच्चाई के नाम पे नक्कार है
चरित्र की ना यहाँ पे दरकार है
ईमान यहाँ बना बेरोजगार है
अजब गजब ये दिखती संसार है

मूरखों की जहाँ पे बनी सरकार है
जाहिलों की हाथ में वहाँ पतवार है
विकास की ना यहाँ सरोकार है
अजब गाजब ये दिखती संसार। है

लुट खसौट बनी यहाँ रोजगार है
भ्रष्टाचारी का स्वर्णिम ये द्वार है
मानवता यहाँ पे शर्मसार है
अजब गजब ये दिखती संसार है

ईष्या द्वेष की पुतले की भरमार है
वैमनस्यता में पल रही परिवार है
भाई भाई में घर घर तकरार है
अजब गजब ये दिखती संसार है

चोरी डकैती बन गई जानकार है
साईबर अपराधी की हूँकार है
झुठे राजनीत की जय जयकार है
अजब गजब ये दिखती संसार है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# खराब लाइफस्टाइल से बढ़ते कॉलन कैंसर को कहें अलविदा, डाइट में जोड़ें ये 4 खास फल

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाते हैं। जिस कारण लोगों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। डायबिटीज, मोटापा और दिल की बीमारियां आम हो गई हैं। वहीं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी लोगों को तेजी से अपना शिकार बना रही है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत! आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाते हैं। जिस कारण लोगों में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। डायबिटीज, मोटापा और दिल की बीमारियां आम हो गई हैं। वहीं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी लोगों को तेजी से अपना शिकार बना रही है। इसके पीछे अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खराब खानपान जिम्मेदार है। हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका सीधा असर हमारे गट और उसमें मौजूद अच्छे बैक्टीरिया पर पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपनी डाइट में हेल्दी फलों को शामिल करें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सेवन कॉलन यानी की आंतों के लिए काफी



फायदेमंद माना जाता है।

**कीवी:** गट हेल्थ के लिए कीवी काफी फायदेमंद होता है। कीवी में एक्टिनिडिन नामक एंजाइम पाया जाता है। यह प्रोटीन को तोड़कर डाइजेशन को अच्छा बनाता है और इसके सेवन से कब्ज की समस्या भी दूर होती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और प्रीबायोटिक्स आंतों को मजबूत बनाने का काम करता है। कीवी का सेवन करने से इंफ्लेमेशन और कोलन कैंसर का खतरा कम होता है।

**साइट्रस फ्रूट्स:** नींबू, संतरा और ग्रेपफ्रूट जैसे साइट्रस फ्रूट्स सिर्फ ताजगी ही नहीं बल्कि शरीर के लिए नेचुरल डिटॉक्सिफायर की तरह काम करते हैं। इन फलों में विटामिन सी और फ्लेवोनॉइड्स की मात्रा अच्छी पाई जाती है। जोकि शरीर के हानिकारक तत्वों को खत्म करते हैं और सेल्स को नुकसान होने से बचाते हैं। इन फलों का सेवन करने से कैंसर का खतरा कम होता है।

**सेब:** सेब में पेक्टिन फाइबर पाया जाता है, जोकि गट बैक्टीरिया के लिए फायदेमंद होता है। जब यह कोलन में जाकर टूटता है, तो ब्यूट्रेट नामक फैटी एसिड बनता है, जोकि कैंसर सेल्स से बचाव करता है। सेब के छिलके क्वेरसेटिन मौजूद होता है, जोकि एक पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट है। यह सेल्स के डीएनए को नुकसान होने से बचाता है।

**तरबूज:** गट हेल्थ के लिए फाइबर जितना जरूरी होता है, पानी भी उतना ही जरूरी होता है। वहीं तरबूज में 90% पानी पाया जाता है, जोकि शरीर को हाइड्रेट रखता है और डाइजेशन को दुरुस्त रखता है। इसमें मौजूद लाइकोपीन एक ऐसा एंटीऑक्सीडेंट है, जोकि कैंसर से बचाव में सहायता करता है। साथ ही यह कॉल समेत कई कैंसर के खतरे को कम करता है

# कम बजट में शानदार हनीमून! भारत के ये 6 डेस्टिनेशन जहां ट्रिप बनेगी बेहद यादगार

भारत में हनीमून की योजना बना रहे कपल्स के लिए यह लेख 6 आकर्षक डेस्टिनेशन सुझाता है, जहां वे अपनी शादी के बाद बेहतरीन पल बिता सकते हैं। गोवा के सुनहरे समुद्र तटों से लेकर शिमला और मनाली की बफीर्ली वादियों तक, ये गंतव्य शांति, प्राकृतिक सुंदरता और एडवेंचर का अनोखा संगम प्रदान करते हैं, जो कम बजट में भी शानदार ट्रिप सुनिश्चित करते हैं। 109 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञः कभी बीमार नहीं पड़ता क्योंकि मैं अपनी रक्त वाहिकाओं को साफ करता हूं



**गोवा:** भारत की सबसे फेवरेट हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है गोवा। यहां की बीच लाइफ एक्सपीरियंस सबसे शानदार होता है। गोवा के बीच के किनारे आप पत्नी संग रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा, गोवा की नाइट लाइफ पार्टी को एन्जॉय करने का एक अलग ही मजा होता है। यहां पर घूमने के लिए कैलेंगुट बीच, अंजुना बीच, बागा बीच, बागाटोर बीच, सिंकेरियन बीच, पालोलेम बीच। गोवा में घूमने के लिए ज्यादा पैसा खर्च नहीं होता है। पहले ही होटल बुकिंग कर लें, वरना बाद में महंगी हो जाती है।

**शिमला:** यदि आपका पहाड़ पर घूमने का प्लान हैं, तो आप शिमला घूमने जरुर जाएं। शिमला में देवदार, चीड़ और माजू के जंगलों में आप घूम सकते हैं। बफीर्ले घाटियां और सुंदर नजारे आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे। हनीमून के लिए शिमला घूमना एक परफेक्ट डेस्टिनेशन में से एक है।

**मनाली:** हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर है मनाली। यह जगह हनीमून डेस्टिनेशन के लिए सबसे बढ़िया है। यहां आप सुंदर सी बफीर्ली वादियां देख सकते हैं। मनाली में हनीमून मनाना सबसे यादगार हो सकता है। मनाली में दिसंबर-जनवरी के महीने में स्नोफॉल का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रेकिंग, स्नो स्कीइंग का तुत्फ उठा सकते हैं।

**दार्जिलिंग:** क्वीन ऑफ हील्स दार्जिलिंग को कहा जाता है। हनीमून के लिए यह जगह बेहद ही रोमांटिक है। यहां पर चाय के बागन, बर्फ से ढके सुंदर पहाड़, देवदार के जंगल, प्राकृतिक सुंदरता, कल-कल करते झरने देखकर आप इस जगह में खो जाएंगे। कम बजट के अंदर है यह एक शानदार हनीमून की जगह हो सकती है।

**श्रीनगर:** हनीमून के लिए परफेक्ट डेस्टिशन है श्रीनगर। कश्मीर घाटी में बसा श्रीनगर सुंदर नजारे और घाटियों के लिए जाना जाता है। यहां पर मुख्य आकर्षण केंद्र है डल झील। यहां पर आप मुगल गार्डन, झीलें, सुंदर घाटियों में घूम सकते हैं। यह जगह हनीमून के लिए परफेक्ट है।

**माउंट आबू:** राजस्थान का स्वर्ग कहा जाने वाल माउंट आबू, हनीमून के लिए एकदम परफेक्ट जगह है। यदि आप भारत में हनीमून के लिए नई जगह पर जाना चाहते हैं, तो माउंट आबू का प्लान जरुर बनाएं।

यहां पर आप वाइल्ड लाइफ का मजा ले सकते हैं। यहां पर आप तरह-तरह के पक्षियां, जानवर देखने को मिलेंगे। पहाड़ों पर घूमने या ट्रेकिंग का प्लान कर सकते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025- पहले चरण में रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान- लोकतंत्र की नई सुबह या राजनीति की नई पटकथा?

विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव अब केवल एक प्रांतीय चुनाव नहीं रह गया, बल्कि यह देश की जनसांख्यिक, सामाजिक और राजनीतिक चेतना का एक नया मील का पत्थर बन गया है। पहले चरण में हुई 64.66 प्रतिशत की रिकॉर्ड वोटिंग ने न केवल 1951 से अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, बल्कि यह भी संकेत दिया कि बिहार की जनता अब मतदान को केवल अधिकार नहीं, बल्कि परिवर्तन के औजार के रूप में देखने लगी है।बिहार हमेशा से भारतीय लोकतंत्र की राजनीतिक प्रयोगशाला माना गया है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर लालू यादव की सामाजिक न्याय की राजनीति और नीतीश कुमार के सुशासन के मॉडल तक बिहार ने देश की राजनीति को दिशा दी है। लेकिन मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि 2025 का यह चुनाव कुछ अलग है।1951 से लेकर आज तक के 17 विधानसभा चुनावों में बिहार ने कभी इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक नहीं देखा। झारखंड के विभाजन के बाद हुए पांच चुनावों का रिकॉर्ड भी ध्वस्त हो गया है। इस बार मतदाता सिर्फ सरकार दोहराने या बदलने के लिए नहीं निकले, बल्कि वे अपने राजनीतिक भविष्य की संरचना में भागीदार बनने के लिए आगे आए हैं।

साथियों बात अगर हम पहले चरण का चित्रण, 18 जिलों की 121 सीटों पर जनसैलाब उमड़ने को समझने की करें तो, पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ।शाम तक 64.66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो बिहार के इतिहास में एक अभूतपूर्व आंकड़ा है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, यह आंकड़ा अंतिम रूप से थोड़ा और बढ़ सकता है।गांव से लेकर कस्बों और शहरों तक लोगों में एक ही उत्साह थाइस बार वोट देना जरूरी है। कई जिलों में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही। यह आंकड़ा बताता है कि अब बिहार की राजनीति केवल जातीय समीकरणों से नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी के नए मापदंडों से भी तय हो रही है।2000 में झारखंड के अलग होने के बाद बिहार में हुए पांच विधानसभा चुनावों का औसत मतदान 52 से 58 प्रतिशत के बीच रहा। परंतु 2025 के पहले चरण में यह आंकड़ा सीधे 64.66 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो एक राजनीतिक जागृति का संकेत है।यह सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि नागरिक चेतना की अभिव्यक्ति है।जहां देश के कई राज्यों में वोटर उदासीनता या वोटिंग थकान देखी जा रही है, वहीं बिहार ने उलट प्रवृत्ति दिखाई है, यह दशार्ता है कि जनता अब नीतियों और नेतृत्व दोनों का मूल्यांकन अधिक गहराई से करने लगी है।



गोंदियां

साथियों बात अगर हममहिलाओं और युवाओं की निर्णायक भूमिका को समझने की करें तो, इस बार बिहार के मतदाताओं में महिलाएं और युवा वर्ग सबसे अधिक सक्रिय दिखे।महिलाओं की उपस्थिति कई जिलों में पुरुषों से अधिक रही, जैसे सहरसा, भागलपुर, बांका, और गया जिलों में महिलाओं की मतदान प्रतिशतता 66 से 70 के बीच रही।महिलाएं अब सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को लेकर सजग हैं।युवा मतदाता सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों पर सक्रिय रूप से प्रचार और विमर्श में शामिल रहे।यह नई पीढ़ी बिहार की राजनीति में वंशवाद या जातिवाद से आगे सोचने लगी है, यही इस चुनाव की सबसे सकारात्मक झलक है। साथियों बात अगर हम जाति गणित या नया सामाजिक समीकरण? को समझने की करें तो, बिहार की राजनीति का सबसे चर्चित तत्व रहा है जातिगत समीकरण, यादव, कुर्मी, ब्राह्मण, दलित, मुसलमान और महादलित वोट बैंक के रूप में हमेशा चर्चा में रहे हैं।परंतु इस बार परिदृश्य थोड़ा बदला है।पिछले कुछ वर्षों में बिहार में शहरीकरण, प्रवासन और शिक्षा के प्रसार ने जातिगत सीमाओं को कुछ हद तक धुंधला किया है।हालांकि जाति का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, परंतु अब जाति के साथ विकास रोजगार, भ्रष्टाचार और शासन की छवि भी चुनावी समीकरणों में समान रूप से महत्वपूर्ण हो गई है।पहले चरण के नतीजों से पहले ही यह संकेत मिल गया कि जाति अब निर्णायक नहीं, बल्कि सहायक कारक बन रही है। साथियों बात अगर हम एनडीए, महागठबंधन और जैन स्वराज पार्टी, तीन ध्रुवों की टक्कर को समझने की करें तो, इस बार चुनाव में तीन प्रमुख राजनीतिक ध्रुव बने (1) एनडीए गठबंधन (मुख्यतः भाजपा और जदयू) (2) महागठबंधन (राजद, कांग्रेस और वाम दल), और (3) जन स्वराज पार्टी, जो एक नए चेहरे के रूप में उभरी है और युवाओं व मध्यम वर्ग के बीच तेजी से लोकप्रिय हुई।तीनों ने पहले चरण की रिकॉर्ड वोटिंग को अपनी जीत का संकेत बताया है।एनडीए का दावा है कि सुशासन और स्थायित्व के नाम पर जनता ने विश्वास जताया है, जबकि महागठबंधन कहता है कि जनता परिवर्तन चाहती है।वहीं जन स्वराज पार्टी ने कहा कि यह वोटिंग दर बताती है कि जनता नतीसरा विकल्प खोज लिया है।यह चुनावी परिदृश्य संकेत देता है कि बिहार में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अब द्विध्रुवीय नहीं रही, बल्कि त्रिध्रुवीय हो चुकी है।क्या यह कांटे की टक्कर है या एकतरफा लहर? इतिहास बताता है कि जब भी बिहार में मतदान प्रतिशत अधिक हुआ है, सत्ता परिवर्तन की संभावना बढ़ी है।2015 में 56 प्रतिशत मतदान के साथ महागठबंधन की जीत हुई थी, 2020 में 57.05 प्रतिशत मतदान के साथ एनडीए ने मामूली बढ़त हासिल की थी।2025 में 64.66 प्रतिशत मतदान इस प्रवृत्ति को और जटिल बना देता है, क्या यह जनता का गुस्सा है या विश्वास? क्या यह कांटे की टक्कर का संकेत है या किसी एक पक्ष की ओर बहती मौन लहर राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अधिक मतदान हमेशा स्टेटस क्यूयूओ को चुनौती देता है, यानी सत्ता में बैठे दल के लिए खतरे की घंटी हो सकता है।परंतु यह भी सच है कि बिहार की जनता भावनात्मक मतदान से आगे बढ़ चुकी है; अब वे परिणामपरक मतदान कर रही है।बिहार की जनता का यह मतदान केवल राजनीतिक उत्साह नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान की नई परिभाषा है।लंबे समय तक बेरोजगारी, पलायन, गरीबी और भ्रष्टाचार झेलने वाले समाज में जब मतदान की दर अचानक बढ़ती है, तो इसका अर्थ है कि जनता अब निराशा से आशा की ओर बढ़ रही है।यह वोट किसी नेता के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम की पुनर्स्थापना के लिए दिया जा रहा है।बिहार का ग्रामीण वर्ग इस चुनाव में विशेष रूप से सक्रिय दिखा, जिसने संकेत दिया कि लोकतंत्र की जड़ें अब गांवों तक गहराई से फैल चुकी हैं। साथियों बात अगर हम आर्थिक कारक और मतदाता का दृष्टिकोण को समझने की करें तो, बिहार देश के सबसे गरीब राज्यों में से एक है, जहाँ प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से काफी कम है।ऐसे में मतदाता अब केवल जाति या धर्म नहीं, बल्कि आर्थिक मुद्दों पर भी सोचने लगे हैं। महंगाई, रोजगार, कृषि नीति, सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता, ये सारे तत्व मतदाता के दिमाग में थे।2020 से 2025 के बीच केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, और राज्य की मुख्यमंत्रीग्रामीण सडक योजना ने जनता केजीवन में कुछ परिवर्तन किए हैं।परंतु इन योजनाओं के असमान वितरण और भ्रष्टाचार के आरोपों ने जनता में असंतोष भी भरा है।इसलिए यह मतदान संतुलित विरोध और आशा के मेल का प्रतीक है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, प्राप्त 15 में से 05 शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण

वेलकम इंडिया गुलजार आलस




**रामपुर**। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता सैनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने अपने-अपने प्रकरणों और शिकायतों को प्रस्तुत किया।

मा0 सदस्य ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक मामले में प्रस्तुत तथ्यों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न, भरण-पोषण, सामाजिक सुरक्षा और संपत्ति संबंधी मामलों सहित महिला कल्याण योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। श्रीमती सैनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित किसी भी मामले में अनावश्यक देरी न हो, प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनीटरिंग की जाए और पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध योजनाओं एवं सहायता का लाभ समय पर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मा. सदस्य ने कहा कि आयोग महिलाओं को आवश्यक सहायता, परामर्श और कानूनी सहयोग प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक महिला को सुरक्षा और न्याय का भरोसा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्री हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती इरा आर्या जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार मिश्र, जिला पंचायतीराज अधिकारी नत्थूलाल सहित अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दसवीं के छात्र ने पेट्रोल उडेल कर आग लगाई, उपचार के दौरान हुई मौत

**शिकारपुर**। सलेमपुर थाना क्षेत्र के मांगलौर गांव में स्थित कालेज में गत दिवस कक्षा दसवीं के छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। गंभीर हालत में छात्र को हायर सेंटर रेफर किया गया था। छात्र के शरीर से उठती हुई आग की लपटों को बुझाने के प्रयास में कालेज के प्रधानाचार्य के हाथ भी झुलस गए थे।

मांगलौर गांव निवासी दीपांशु पुत्र कुलदीप गांव में स्थित देवनागरी इंटर कालेज में कक्षा दसवीं का छात्र था। बताया गया है कि दीपांशु ने कालेज में जाकर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली। आग की लपटों से घिरे दीपांशु ने हल्ला मचाते हुए कालेज परिसर में दौड़ लगा दी। छात्र के जिस्म से उठती हुई आग की लपटों को देख प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने संबरसेबिल चलवा कर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान उनके हाथ झुलस गए थे। लेकिन थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दीपांशु की उपचार के दौरान मौत हो गई जिसका बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# महात्मा गाँधी स्टेडियम में किया गया तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में जनपद में भारत स्काउट और गाइड की तीन दिवसीय जनपदीय रैली, 2025 का शुभारंभ महात्मा गाँधी स्टेडियम राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्काउट झंडा फहराकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट से हम बच्चों में मानव सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के प्रशिक्षण से देने से राष्ट्रीय एकता की भावना और सेवा भाव का विकास किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कल्पना देवी, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड बलराम सिंह और सचिव भारत स्काउट गाइड ओम प्रकाश सैनी द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कन्या इंटर कॉलेज खारीकूआं और राजकीय खुर्शीद बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की। इसी दौरान स्काउट और गाइड की मार्च पास्ट और वर्दी की प्रतियोगिता आयोजित हुईं, जिसमे स्काउट वर्ग में जनपद के जैन इंटर कॉलेज रामपुर, सुंदर लाल इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, चौधरी जमना दास इंटर कॉलेज बिलासपुर, डी.ए.वी. इंटर कॉलेज विशारद नगर, आदर्श कृषक इंटर कालेज किरा, राजकीय इंटर कालेज पटवाई, राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, गुरुनानक इंटर कॉलेज विलासपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेमपुर, दर्शन अकादमी जूनियर हाइस्कूल, पूर्व माधमिक विद्यालय लालपुर कला, कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा ने प्रतिभाग किया। गाइड वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारीकूआ, किरण वेदी गाइड कंपनी, राजकीय जुल्फी कार बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज विद्यामंदिर समूह, रामप्रसाद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेहरू नगर पालिका डी ए वी कन्या, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर नें प्रतिभाग किया।

## सार संक्षेप

### पेंशनभोगियों को डिजिटल सशक्तिकरण और तकनीकी समावेशन के लिए जोरशोर से चल रहा है राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0




(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- देश भर में पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पेंशनभोगियों के लिए 1 से 30 नवंबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 का कार्यक्रम चल रहा है इसी क्रम में 6 नवम्बर को गोरखपुर में चल रहा डीएलसी अभियान 4.0 का रोहित कुमार, वरिष्ठ सलाहकार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार ने जायजा लिया वहीं सात नवम्बर को वे वाराणसी में चल रहे अभियान के निरीक्षण के लिए आएंगे। इस अभियान निरीक्षण के दौरान रोहित कुमार वरिष्ठ सलाहकार, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग भारत सरकार ने 6 नवंबर 2025 गुरुवार को गोरखपुर उत्तर प्रदेश के शिविरों में जाकर, पेंशनभोगियों से डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने के संबंध में चर्चा की उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की गोरखपुर मुख्य शाखा, रेलवे कॉलोनी शाखा ईपीएफओ और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के साथ शिविरों में जाकर पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उपयोग करके जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में मदद की और उन्हें इस प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में शुरू की गई आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के उपयोग को विभाग और अधिक बढ़ावा दे रहा है जिससे पेंशनभोगी स्मार्टफोन का उपयोग करके अपने घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (डाक विभाग) ने अति वरिष्ठ और दिव्यांग पेंशनभोगियों को डोरस्टेप डीएलसी सेवाएं प्रदान की जबकि बैंकों, पेंशनभोगी संघों और क्षेत्रीय कार्यालयों ने जागरूकता शिविर आयोजित किए और ऑन-साइट सहायता प्रदान की वर्ष 2024 में आयोजित डीएलसी 3.0 में 1.62 करोड़ से भी अधिक डीएलसी जनरेट किए गए जिनमें से 50 लाख फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा जनरेट किए गए।

### रोज कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का शानदार आयोजन




डॉ.शंभू पंवार

**नई दिल्ली**। 6 नवंबर। खैरथल-तिजारा जिले के गेलपुर स्थित प्राइम रोज कॉलेज में नए सत्र की शुरूआत को यादगार बनाने के लिए रंगारंग फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नये विद्यार्थियों ने उमंग और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति शिक्षक अवॉर्डी श्रीमती नीलम यादव रहीं। मंच पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर.के. पांडे तथा निर्णायक मंडल की सदस्याएँ सुषमा यादव, शालू शर्मा, सुमन महावर उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं निर्णायक सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। तत्पश्चात एकल डांस, ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग, रैंप वॉक, और गेम्स की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी और अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं की जज सुषमा यादव ,शालू शर्मा एवं सुमन महावार ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन करते हुए विजेताओं का चयन किया।

## कैंट पुलिस ने अंतरजनपदीय शातिर वाहन चोर सात अदद चोरी की मोटरसाईकल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- पुलिस आयुक्त कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन व सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल कैण्ट कमिशनरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण मे अपराधियों के विरुद्ध ₹जीरो टालरेन्स₹ की नीति अपनाते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने तथा अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कैण्ट शिवाकान्त मिश्रा की टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग में अंतरजनपदीय शातिर वाहन चोर को सात अदद चोरी की मोटरसाईकल के साथ मुखबिर खास की सूचना व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी अभियुक्त रामप्रवेश यादव पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम रोहाखी थाना इलिया जनपद चंदौली उम्र 25 वर्ष को छोटी कटिंग मैदान के पास कैण्ट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है।

# विशेष विवाह अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने जानकारी दी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

- **नियत तिथि के बाद उक्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
- **बिजनौर द्वारा विशेष विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए हैं।**

**बिजनौर**। विशेष विवाह अधिकारी /अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने जानकारी देते हुए बताया कि भानू प्रताप पुत्र निर्देश कुमार निवासी आर जेड-487 गली नं 19 कैलाश पुरी एक्स्टेंसन, पालम कालोनी, साउथ वेस्ट दिल्ली-110045, थाना व तहसील सागरपुर साउथ वेस्ट दिल्ली बनाम अनामिका, राजपूत पुत्री लोकेन्द्र कुमार निवासी ग्राम पूरनपुर नंगला उर्फ रोशन नगर, गौहावर जैत थाना नूरपुर तहसील चान्दपुर जिला बिजनौर द्वारा विशेष विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए हैं।

अतः एतदद्वारा उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा कि उक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 01 दिसंबर, 2025 से पूर्व/तक किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति / साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि मोनू सिंह पुत्र स्व० शिव सिंह निवासी मौ० मिल्कियान थाना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर बनाम नीशु पुत्री बलराम सिंह निवासी मौ० मिल्कियान थाना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर द्वारा विशेष विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए हैं।

अतः एतदद्वारा उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा कि उक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक दिनांक 03 दिसंबर, 2025 से पूर्व/तक किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद उक्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चे भी खेलों में दिखाएंगे हुनर

**शिकारपुर**। ब्लॉक क्षेत्र के गांव उच्च प्राथमिक विद्यालय आजमपुर दरियापुर के अध्यापक ऋषि बरगोती ने बताया खेल-खेल में बच्चे शिक्षा के मालिक बनते हैं क्योंकि खेल उन्हें ज्ञान सीखने, समस्या-समाधान, सहयोग और आत्म-सम्मान जैसे आवश्यक कौशल सिखाता है, जिससे उनका शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है। इस तरीके से सीखना बच्चों को व्यस्त और जिज्ञासु बनाता है, जिससे वे स्कूल में आने और अपनी सीख में सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।

प्रधानाचार्य विमल कुमार शर्मा ने कहा कि जब बच्चे खेलते हैं, तो वे आनंद और खुशी का अनुभव करते हैं, जिससे वे स्वाभाविक रूप से नई चीजें सीखते हैं और खोजते हैं। खेल बच्चों को सशक्तिकरण, नेतृत्व और आत्म-सम्मान की भावना विकसित करने में मदद करते हैं।

# शिक्षक डॉ. राजवीर सिंह को मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में मिलेगा मंच

वेलकम इंडिया



टाण्डा (रामपुर) नगर के मॉडल कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह को मॉरीशस में आयोजित होने वाली शैक्षिक यात्रा एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया है। डॉ. सिंह इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, यह शैक्षिक यात्रा 9 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी विभिन्न कार्यक्रमों के बाद इसका समापन 13 जनवरी को बृहद पुरोहित संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या के साथ टेरै रुग में किया जाएगा। मूल रूप से ग्राम ठिरियादान, ब्लॉक भगतपुर, जनपद मुरादाबाद (निकट टांडा बादली) के निवासी डॉ. सिंह एक गरीब किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त करने के बाद उन्होंने बीएड वनस्पति विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और इतिहास में परास्नातक की उपाधियाँ हासिल कीं। वनस्पति विज्ञान में पीएचडी करने के बाद साउथ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी, अमेरिका ने उन्हें गोवा में डी-लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. राजवीर सिंह ने परिषदीय शिक्षक के रूप में रहते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। वे पिछले 11 वर्षों से शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और शिक्षकों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने में उनकी छवि निष्पक्ष और हितैषी नेता के रूप में स्थापित है। डॉ. राजवीर सिंह को जिले में कई बार जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## ट्रांसपोर्ट नगर योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा के द्वारा किया गया स्थल निरीक्षण



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी**:- वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना का स्थल निरीक्षण किया गयो वर्तमान में परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंक तथा एक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही एच.डी.पी.ई.पाइपलाइन के माध्यम से वॉटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं इसके अतिरिक्त परिसर में पार्किंग एरिया एवं रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य भी संचालित है।

# राष्ट्रीय खेल हॉकी के सौ कामयाब वर्ष पूरे होने पर खिलाड़ियों केक काट कर मनाया जश्न

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। ऐन आई एस खेल प्रशिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष फरहत अली खान एवम हॉकी प्रशिक्षक शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में केक लेकर पहुंचे। सभी बालिकाएं और बालक खिलाड़ियों ने केक काट कर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसार पर फरहत अली खान ने कहा भारतीय हॉकी के कीर्तिमान ओलम्पिक कोई देश छू भी नहीं सकता। आज भी हम गर्व से कहते हैं कि हमने ओलंपिक में आठ गोल्ड एक सिल्वर और तीन ब्रांस मेडल हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हॉकी को खेल के साथ साथ प्रचार प्रसार भी किया जाए। नया जोश और जज्बा भरने के लिए। हॉकी को सरकार और प्रशासन के सहारे न छोड़ कर, वरिष्ठ खिलाड़ियों के विशेष योगदान की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि नवंबर माह और दिसम्बर में हॉकी से सम्बंधित सामान्य ज्ञान, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग सेमिनार, छोटी छोटी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी । इसके साथ साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ साथ उपलब्धि प्राप्त करने वाले युवा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। हमारे साथी कोचेस अब हॉकी के लिए समर्पण की सच्ची भावनाओं प्रण लें राष्ट्रीय खेल हॉकी के लिए। सरकार या प्रशासन के साथ साथ हमें जिम्मारी लेनी ही पड़ेगी। तभी तो खेलेऔर जीतेगा भारत। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार खेलो इंडिया कोच मोहमद फहीम रोशनी मशीयत फातिमा कशिश नविता माही परी आंचल शीतल गुंजन हुदा खान समीर खान आदित्य साजन दक्ष आदी उपस्थित रहे।



# प्रेमिका ने पेट्रोल डालकर प्रेमी को जिंदा जलाया, दो गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा क्षेत्र के बरनवार गांव में बुधवार रात घर पर खाना खाने आए शादीशुदा प्रेमी कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय (30) को शादीशुदा प्रेमिका सुधा ने अपनी बहन माधुरी और नाबालिग भाई की मदद से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बुरी तरह झुलसे रोहित ने बृहस्पतिवार दोपहर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में रोहित के मरने से पहले दिए गए बयान और उसकी पत्नी पूनम की तहरीर पर पुलिस ने सुधा, माधुरी और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर देर शाम सुधा और माधुरी को गिरफ्तार कर लिया। दिल दहला देने वाली इस वारदात से लोग हतप्रभ हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के बरनवार गांव निवासी कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय (30) का गांव की ही सुधा से लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। करीब छह साल पहले दोनों की अलग-अलग शादी हो गई और दोनों के दो-दो बच्चे भी हो गए पर उनके बीच नजदीकियां बनीं रहीं। इस बीच करीब तीन साल पहले रोहित और सुधा अचानक अपने बच्चों और परिवार को छोड़कर मुंबई भाग गए। उसके बाद इस साल दीपावली में दोनों गांव लौटे। इसके बाद भी रोहित का सुधा के घर आना-जाना लगा रहा। रोहित की इस हरकत से उसका और सुधा का परिवार काफी आहत था।

बताया जा रहा है कि बुधवार रात में रोहित सुधा कर घर खाना खाने गया था। आरोप है कि वहां सुधा ने बहन माधुरी और भाई की मदद से उस पर पेट्रोल



डालकर आग लगा दी। आग की लपटों में घिरा व चिल्लाते हुए घर से बाहर निकला तो ग्रामीणों ने उसकी हालत देख किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक वह बुरी तरह झुलस चुका था। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी खेसरहा ले गए। वहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल और रात में ही गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बृहस्पतिवार दोपहर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। रोहित की पत्नी पूनम की शिकायत पर सुधा, उसकी बहन और भाई पर केस दर्जकर सुधा और माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पेट्रोल डालकर आग लगाए जाने से झुलसे कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय को सीएचसी खेसरहा में भर्ती कराया गया था, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बीच झुलसे रोहित से खेसरहा पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बयान दर्ज करा लिया था। इसमें रोहित ने बताया था कि प्रेमिका सुधा ने उसे खाने पर बुलाया था, जैसे ही वह बैठा तभी उस पर पेट्रोल डालकर फूंक दिया गया। मरने से पहले दिए गए उसके बयान और पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### परिवार का रो-रो कर बुरा हाल

जानकारी के अनुसार, मृतक के परिवार में पिता और पत्नी के अलावा दो बेटे आकाश और हार्दिक हैं, जिनकी उम्र चार से छह साल के बीच है। इस वारदात से जहां परिवार में आक्रोश है। वहीं सभी का रो–रो कर बुरा हाल है। गांव में इस वारदात के बाद मातम पसरा हुआ है। वहीं आरोपी प्रेमिका सुधा की भी दो बेटियां हैं जिनकी उम्र पांच से सात साल के बीच बताई जा रही है।

# पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन एवं वामा सारथी के तरफ से वृहस्पतिवार को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर के परिसर में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों की निरंतर ड्यूटी और जिम्मेदारियों के बीच उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे शिविरों के माध्यम से पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य है ।शिविर में जनपद के विभिन्न अस्पतालों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र, दंत एवं महिला स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गईं। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया ।कार्यक्रम में वामा सारथी की पदाधिकारिणियों, जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहते हैं, इसलिए उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सा टीम तथा आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। शिविर के सफल संचालन में पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन, वामा सारथी टीम तथा जिला चिकित्सालय की चिकित्सा टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### 670 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शिवनगर, डिडई/सिद्धार्थनगर।** थाना शिवनगर डीडई क्षेत्र के लोहरौली तिराहा बाबा ढाबा के पीछे आम के बाग से पुलिस ने एक अभियुक्त को 670 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा को पुड़िया बनाकर बेचता था। जिसकी शिकायत मिलने थाना पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी के पास से पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य द्वारा सूचना मिली की लोहरौली तिराहा स्थित बाबा ढाबा के पीछे आम के बाग में एक व्यक्ति गांजा बेचता है। सूचना के बाद एसआई संजय राय, राजीव जी भट्ट, मुख्य आरक्षी सुशील राय, आरक्षी सौरभ सिंह व गोरख कुमार को जांच के लिए भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने 670 ग्राम अ अवैध गांजा के साथ मिथुन निवासी वार्ड नंबर 12 खटिकहिया मोहल्ला थाना रूधौली जनपद बस्ती को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### मिली स्वीकृति 90 लाख से संपर्क मार्ग का होगा नव-निर्माण: विधायक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के नौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की ओर से कसियापुर से सपाटूपुर संपर्क मार्ग के नव-निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्वीकृति प्रदान की। इस पर करीब 90 लाख रुपये खर्च होंगे ।यह जानकारी विधायक श्याम धनी राही ने दी। उन्होंने बताया कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सड़क निर्माण से राहत मिलेगी। क्षेत्र की जर्जर सड़कों को एक-एक करके नव निर्माण एवं सामान्य मरम्मत कराया जाएगा। क्षेत्र के विकास में सड़कों की भूमिका अहम होती है। शीघ्र धौरीकुईया-महदेवा बाजार सड़क का चौड़ीकरण का स्वीकृत पहले ही चुका है। इसके लिए लोनिवि ने टेंडर निकाल दिया है। आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### दरवाजे से पीकअप चोरी

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के मानापुर (छतेरी) गांव निवासी रमेश तिवारी के दरवाजे पर खड़ी पिकअप वाहन बुधवार की देर रात अज्ञात चोर चुरा ले गए ।गुरुवार की सुबह सोकर उठे वाहन मालिक जब घर के बाहर आकर देखे तो पिकअप वाहन गायब था ।वाहन मालिक द्वारा गाड़ी का खोजबीन किया गया जब कोई पता नही चला तो घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया ।कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल मौके पहुंच कर जानकारी लेने के बाद आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर पता कर रहे है की चोर पिकअप चोरी करने के बाद किधर लेकर गये ।पीड़ित द्वारा वाहन चोरी के बाबत मिजार्मुराद थाने पर तहरीर दिया गया ।चौकी प्रभारी कछवांरोड गणेश प्रसाद पटेल ने बताया कि जांच-पड़ताल किया जा रहा है जल्द चोर पकड़े जाएंगे और पीकअप बरामद कर लिया जाएगा।

### नीरज रहस्यमय ढंग से गायब महबूब पर गंभीर आरोप

**बरेली।** थाना कैन्ट क्षेत्र के मसीतगंज गौटिया, मोहनपुर निवासी एक पिता अपने 20 वर्षीय बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहा है। पिता का आरोप है कि गांव का ही एक युवक काम दिलाने के बहाने उसके बेटे नीरज को लेकर गया और तब से वह लापता है। इस मामले में उसने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। जिसके बाद थाना कैंट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित प्रेम सिंह पुत्र रामलाल निवासी मसीतगंज गौटिया, मोहनपुर, थाना कैन्ट, ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसका बेटा नीरज (20 वर्ष) गांव में ही रहता था। दिनांक 18 अगस्त 2025 को गांव का ही महबूब पुत्र शमशाद उसे यह कहकर अपने साथ ले गया कि वह उसे बाहर किसी फैक्ट्री में काम दिला देगा। उसने अपने बेटे नीरज के मोबाइल नम्बर पर फोन किया लेकिन फोन बंद मिला। इसके बाद उसने महबूब के मोबाइल नम्बर पर 7 बार और कॉल किया तो महबूब ने टालमटोल भरे जवाब दिए और कहा कि तुम्हारा बेटा मेरे साथ था, मगर अजमेर स्टेशन पर उतर गया। बाद में जब गांव के सुनील और बाबूराम से पूछताछ की तो पता चला कि नीरज उनके साथ गया ही नहीं था। इससे पिता के होश उड़ गए। प्रेम सिंह को अब शक है कि महबूब ने नीरज को किसी अनुचित कार्य या आपराधिक साजिश में फंसा लिया है। उसे डर है कि बेटे के साथ अनहोनी हो चुकी है।

# भाजपा नेता के भाई ने सर्राफा व्यापारी पर चलाई गोली, युवक घायल

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**





**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजा कुतुब सौदागरन इलाके में गुरुवार को कूड़ा डालने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक घटना में बदल गया। पड़ोसियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच भाजपा नेता के भाई संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी ने घर से देसी पिस्तौल निकालकर ताबड़तोड़ फायर किए। गोली चूक गई और बीच-बचाव करने आए युवक राजीव रस्तोगी के हाथ में जा लगी, जिससे इलाके में भय और अफरातफरी का माहौल बन गया।

लोगों ने बताया कि रजत रस्तोगी और संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी लंबे समय से पड़ोसियों के घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर आमने-सामने थे। इससे पहले भी दोनों पक्षों में कई बार बहस हो चुकी थी, लेकिन गुरुवार की बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर संजीव ने अपने घर से हथियार निकाल लिया और रजत पर ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे। हालांकि, गोली सीधे रजत को नहीं लगी और बीच-बचाव करने आए राजीव रस्तोगी के हाथ में जा लगी। घटना के तुरंत बाद पूरे मोहल्ले में खौफ और अफरा-तफरी फैल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल राजीव को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, सूचना मिलने पर सीओ प्रथम आशुतोष शिवम, कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडे और फील्ड यूनिट की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस नेआसपास के सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी हथियार के साथ झगड़े में शामिल था।

सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 15 नवंबर तक शुल्क नहीं जमा करने पर श्रमिकों की सदस्यता होगा समाप्त : उज्वल त्रिपाठी

**सिद्धार्थनगर।** श्रम विभाग में जिले के 110454 श्रमिक पंजीकृत है, जिसमें से 32,173 श्रमिक पिछले चार वर्ष से नवीनीकरण शुल्क नहीं जमा कर रहे हैं। ऐसे में 15 नवंबर तक शुल्क नहीं जमा करने पर ऐसे श्रमिकों की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। श्रम परिवर्तन अधिकारी उज्वल त्रिपाठी ने बताया कि नवीनीकृत श्रमिकों को श्रम विभाग के माध्यम से मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना एवं महात्मा गांधी पेंशन सहायता योजना से लाभान्वित कराया जाता है। लेकिन जिले के 32173 श्रमिक पिछले चार वर्ष से नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी से बवाल! फैसल खान पर केस दर्ज

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

- **इंस्टाग्राम पर आरएसएस और मुस्लिम समुदाय को जोड़कर की गई आपत्तिजनक पोस्ट, धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप**

**बरेली।** सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के वायरल होने से शहर में तनाव का माहौल बन गया। मामला थाना इज्जतनगर क्षेत्र के बिहारमान नगला का है, जहाँ फैसल खान नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर ऐसी पोस्ट डाली जिससे धार्मिक सौहार्द को ठेस पहुंची है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर उपनिरीक्षक मुनेन्द्र कुमार ने बताया है कि वह कॉन्स्टेबल मनीष मलिक के साथ थाना क्षेत्र में लंबित अहकमातों के कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर गोभक्त बंजरंगी सृजन शुक्ला द्वारा एक ट्वीट किया गया, जिसमें एक फोटो के साथ आपत्तिजनक कमेंट लिखा हुआ था।

तफ्तीश में पता चला कि यह पोस्ट फैसल खान पुत्र अशन खान निवासी बिहारमान नगला थाना इज्जतनगर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल की गई थी। इस पोस्ट के कारण सामाजिक समूहों में रोष फैल गया और धार्मिक सौहार्द को ठेस पहुंची।

पुलिस का कहना है कि आरोपी का यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 353(2) के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उपनिरीक्षक मुनेन्द्र कुमार की तहरीर पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# सऊदी भेजने के नाम पर दो लोगों से ठगी, आरोपी ने 54.500 रुपये हड़पे

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजा कुतुब खानकाह नियाजिया निवासी फिरोज खान ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है। फिरोज खान ने बताया है कि आरोपी अजीम खान पुत्र अनीस खान, निवासी रबड़ी टोला दादू का कुआं, थाना बारादरी, बरेली ने सऊदी अरब भेजने का झांसा देकर उनसे और उनके साथी से कुल 54.500 रुपए वसूल लिए। पीड़ित के अनुसार, लगभग दो महीने पहले अजीम खान ने दावा किया था कि वह उन्हें सऊदी अरब भेज देगा। उसने कहा कि एक माह के भीतर वीजा आ जाएगा और वीजा आने पर शेष रकम देनी होगी। अजीम खान ने प्रति व्यक्ति एक लाख रुपये की पूरी डील तय की थी। फिरोज खान ने अपने मोबाइल से 34 हजार 500 सौ और उनके साथी दानिश (निवासी मलूकपुर लाल मस्जिद) 20 हजार रुपए अदा किए थे। आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि वीजा आते ही कॉल करूंगा, और एक मोबाइल नंबर (9259296619) भी दिया था। लेकिन अब तक न तो वीजा आया और न ही पैसे वापस मिले। शिकायत में कहा गया है कि जब पीड़ितों ने कई बार अजीम खान के घर जाकर बात करनी चाही, तो वह कभी मिलता नहीं और कभी बहाने बना देता था। आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि अजीम खान ऐसे कई लोगों के साथ चारसौ बीसी कर चुका है। फिरोज खान का कहना है कि जब वे पैसे की बात करने गए तो आरोपी के परिवारवालों ने उन्हें गाली-गलौज और धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि अजीम खान ने साजिश के तहत उनकी मेहनत की कमाई ठग ली है। पीड़ित ने एसएसपी दफ्तर में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई और धन वापसी की मांग की है।

# गढ़ गंगा मेले के सकुशल संपन्न होने पर डीएम व एसपी ने चलाया सफाई अभियान

**वेलकम इंडिया राजेन्द्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद हापुड़ के प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गढ़ गंगा मेले के सकुशल संपन्न होने के बाद शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मेले के समापन के उपरांत स्वयं घाटों का निरीक्षण किया और स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई का संदेश दिया ।डीएम व एसपी सुबह गंगा तट पहुंचे, जहां उन्होंने मेले में लगे सफाई कर्मियों और प्रशासनिक अमले के साथ श्रमदान करते हुए स्वयं झाड़ू लगाई।

अधिकारियों द्वारा अचानक किए गए इस स्वच्छता अभियान से वहां मौजूद श्रद्धालु और स्थानीय लोग प्रभावित हुए। उन्होंने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का उदाहरण है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि गढ़ गंगा मेला प्रदेश का एक ऐतिहासिक और धार्मिक पर्व है, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान और दीपदान के लिए आते हैं। ऐसे में मेले के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि श्रद्धालु भी गंगा तट की पवित्रता को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें ।वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि मेले के दौरान पुलिस बल ने 24 घंटे मुस्तैदी के साथ कार्य किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों, एनडीआरएफ टीम, होमगार्ड्स और स्वयंसेवकों की सराहना की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया ।डीएम और एसपी द्वारा चलाए गए इस स्वच्छता अभियान में नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर के कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। प्रशासन की इस पहल से मेले क्षेत्र में ह्लस्वच्छ गंगा झ सुरक्षित गंगाह्व का संदेश गूंजता रहा।

# दशहरे पर शस्त्र पूजन के मामले मे राजा भैया को क्लीन चिट

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** कुडा विधायक और जनसत्ता दल प्रमुख पूर्व मन्त्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के दशहरे पर हुए शस्त्र पूजन की पुलिस जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जांच रिपोर्ट में इस कार्यक्रम को परंपरागत आयोजन बताया गया है।

दशहरा के दिन राजा भैया के बेंती आवास पर आयोजित शस्त्र पूजन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। इसके बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी और अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मामले में शिकायत कर जांच की मांग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह पूजा बेंती आवास के हनुमान मंदिर परिसर में होती है और आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारंपरिक तरीके से संपन्न होता है। जांच में यह भी पाया गया कि पूजा के दौरान न तो अवैध हथियारों का प्रदर्शन हुआ और न ही किसी तरह की नारेबाजी या सार्वजनिक अशांति की स्थिति बनी।

पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय जनता द्वारा भी इस आयोजन को लेकर कोई आपत्ति या विरोध दर्ज नहीं कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन राजा भैया के दादा राय बजरंग बहादुर सिंह और पिता उदय प्रताप सिंह के समय से होता चला आ रहा है।

एडिशनल एसपी ने सीओ कुंडा और इंस्पेक्टर हथीगंवा को मामले पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखने और भविष्य में कोई नई जानकारी सामने आने पर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# चकबंदी कार्यालय का पेशकार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

- **दाखिल–खारिज कराने के नाम पर मांगे थे 15 हजार रुपये**



**बरेली।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बरेली मण्डल की एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फरीदपुर चकबंदी कार्यालय के पेशकार रजत चौधरी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सीधे बरेली कोतवाली ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

मामले के अनुसार, मुरादाबाद निवासी रजत चौधरी चकबंदी कार्यालय फरीदपुर में पेशकार के पद पर तैनात हैं। तहसील क्षेत्र के गांव पदारतपुर निवासी आदिल ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की थी कि जमीन के दाखिल-खारिज कराने के लिए पेशकार ने उनसे 15 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के तुरंत बाद टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।

शिकायतकर्ता आदिल गुरुवार को निर्दिष्ट रकम लेकर पेशकार के पास पहुंचे। जैसे ही रजत चौधरी ने रुपये लिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी को बरेली कोतवाली में पेश किया और उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी।

टीम प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि इस कार्रवाई से जिले में साफ संदेश गया है कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर प्रशासन कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी नागरिक को यदि भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, तो वह सीधे एंटी करप्शन कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** एक उच्च-स्तरीय स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने आज दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

यह दौरा गाजियाबाद के दुहाई स्थित अत्याधुनिक नमो भारत डिपो से शुरू हुआ, जहाँ प्रतिनिधियों को नमो भारत सेवाओं की विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई उन्नत रखरखाव सुविधाओं और प्रक्रियाओं का अवलोकन कराया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल दुहाई डिपो नमो भारत स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में सवार हुआ और कॉरिडोर के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरा। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों को ट्रेन के यात्री-केंद्रित डिजाइन और इसकी आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इस नए जमाने के यात्रा मोड में सहज क्षेत्रीय यात्रा के अनुभव की सराहना की।

आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर प्रतिनिधिमंडल को स्टेशन के डिजाइन और एनसीआरटीसी द्वारा अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) सुनिश्चित करने के लिए की गई पहलों के बारे में जानकारी दी गई। इस एकीकरण का उद्देश्य व्यापक मोबिलिटी नेटवर्क में सुगम कनेक्टिविटी और यात्री अनुभव को बेहतर बनाना है। स्टेशनों के दौरे के बाद, प्रतिनिधिमंडल एनसीआरटीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, गतिशक्ति भवन पहुँचा, जहाँ उन्होंने एनसीआरटीसी नेतृत्व टीम के साथ बातचीत की। प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल ने एक संबोधन दिया। स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल ने भारत में अपनी तरह की इस पहली क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए एनसीआरटीसी द्वारा अपनाए जा रहे अभिनव दृष्टिकोण की सराहना की।

एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमो भारत पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें परियोजना का अवलोकन, प्रयुक्त तकनीकें, भविष्य के अवसर और कार्यान्वयन के दौरान अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला गया। पूरे दौरे के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने एनसीआरटीसी द्वारा कार्यान्वित परिवर्तनकारी गतिशीलता पहलों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने परियोजना में सुरक्षा, परिचालन उत्कृष्टता, आधुनिक प्रौद्योगिकी एकीकरण पर जोर देने और भारत में स्थायी, यात्री-अनुकूल क्षेत्रीय गतिशीलता को आकार देने में इसके योगदान की सराहना की।

## लालू यादव पर डंडों से हमला, जान से मारने की धमकी

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गंगानगर कॉलोनी में एक ईमानदार पड़ोसी को नशेबाजों को टोकना भारी पड़ गया। लालू यादव नाम के युवक ने जब कुछ लोगों को चोरी और नशेबाजी पर टोका, तो दबंगों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। उसका सिर फोड़ दिया गया और धमकी दी गई कि अगर फिर से हमें समझाया तो जान से खत्म कर देंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लालू यादव पुत्र ओमपाल यादव निवासी गंगानगर कॉलोनी, पुराना शिव मंदिर के पास, बदायूं रोड ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह करगैना बाजार गया था। इसी दौरान उसके घर के पास संजय वाल्मीकि, अर्जुन दिवाकर और बाबू पुत्र हंसराज शराब और चरस पीते हुए बैठे थे। लालू यादव ने उन्हें समझाया कि ₹भाई, यहां चोरी हुई है, अब यहां मत बैठो,₹ लेकिन यह समझाना उन्हें नागवार गुजरा। जैसे ही लालू यादव बाजार से वापस आया, तीनों ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया। डंडे से उसके सिर पर वार किया और लात-घूंसे बरसाते हुए गंदी-गंदी गालियां दीं।

## जिला गंगा समिति के तत्वाधान में आमी नदी के किनारे गंगा उत्सव-का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिला गंगा समिति, संतकबीरनगर के तत्वाधान में विगत दिनांक 04 नवंबर को संत कबीर दास जी की समाधि स्थल, मगहर में आमी नदी के किनारे गंगा उत्सव, 2025 का आयोजन किया गया।

गंगा उत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-जन जागरूकता अभियान, रंगोली, चित्रकला, भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नूरूज्जमा अन्सारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मगहर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया, तदोपरान्त ब्लूमिंग बड्स स्कूल इण्डस्ट्रियल एरिया के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में दिनेश चन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य, ब्लूमिंग बड्स स्कूल, इण्डस्ट्रियल एरिया द्वारा गंगा उत्सव, 2025 के अवसर पर नदियों को स्वच्छ रखने हेतु नदियों में नहाते/कपड़ा धोते समय डिटर्जेन्ट का प्रयोग न करने, इण्डस्ट्रियों द्वारा नदियों में दूषित/रासायनिक जल न छोड़ने एवं जल संरक्षण हेतु अनुरोध किया गया तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं उसका रख-रखाव करने हेतु जागरूक किया गया। ब्लूमिंग बड्स स्कूल, इण्डस्ट्रियल एरिया के शिक्षकगण एवं छात्रा कु0 स्नेहा यादव द्वारा मधुर स्वर में संगीतमय कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा गीत प्रस्तुत किया गया। ब्लूमिंग बड्स स्कूल, इण्डस्ट्रियल एरिया तथा ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल, खलीलाबाद के छात्राओं द्वारा रंगोली, चित्रकला, भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में अकांक्षा गुप्ता टीम, ब्लूमिंग बड्स स्कूल प्रथम स्थान, अंशिका आर्या टीम, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल, द्वितीय स्थान एवं अंशिका यादव टीम, ब्लूमिंग बड्स स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभा सिंह, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल, प्रथम स्थान, अमृता सिंह, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल, द्वितीय स्थान एवं कार्तिक यादव, ब्लूमिंग बड्स स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में वैभवी व काव्या सिंह, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल, प्रथम स्थान, आदित्या राय, ब्लूमिंग बड्स स्कूल, द्वितीय स्थान, अंशुमान, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किय तथा निबन्ध प्रतियोगिता में तेजस चौधरी, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल प्रथम स्थान, तेजस्वनी, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल द्वितीय स्थान एवं प्रांजली राय, ग्रेसियस हाइब्रिड स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरिराम मिश्र, गायत्री शक्तिपीठ, खलीलाबाद द्वारा गंगा श्लोक सुनाते हुए नदियों के महत्व के बारे में बताया तथा उसके स्वच्छता व संरक्षण हेतु लोगों से अनुरोध किया गया।

## सार संक्षेप

### महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा को लेकर मेरठ पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। थाना देहली गेट पुलिस ने महिलाओं से अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को गिरफ्तार कर एक बार फिर सख्त संदेश दिया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अदनान (24) पुत्र अशरफ, निवासी कुएं वाली गली, जैन धर्मशाला के सामने, थाना देहली गेट क्षेत्र के रूप में हुई है। बताया गया कि अदनान राह चलती महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करता था, जिससे लोगों में आक्रोश था।शिकायत मिलने के बाद थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और टीम ने उसे धर दबोचा। बाद में आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है।ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई महिलाओं में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करती है।पुलिस का स्पष्ट है कि महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी।

### फतेहगंज पश्चिमी में सिपाही पर हमला! कार सवार पांच युवकों ने की पिटाई

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में छुट्टी पर घर जा रहे एक पुलिसकर्मी पर पांच युवकों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज के बाद कार से टक्कर मारकर सिपाही को गिरा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक सीतापुर के लहरपुर थाने में तैनात सिपाही प्रशांत बालियान 5 अक्टूबर 2025 को छुट्टी लेकर घर (मुजफ्फरनगर) जा रहा था। उसकी बस फतेहगंज पश्चिमी के लाला जी होटल के बाहर भोजन के लिए रुकी। इसी दौरान एक आई 10 कार (यूपी 25 डी के 2817) वहाँ आकर रुकी, जिसमें पाँच युवक सवार थे। कार सवारों में से एक ने होटल का पता पूछा। सिपाही ने जानकारी न होने की बात कही तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने गालियाँ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब सिपाही ने सबूत के तौर पर वीडियो बनाना चाहा, तो गाड़ी सवारों ने उसे जानबूझकर टक्कर मार दी, जिससे वह गिर पड़ा और उसका मोबाइल टूट गया। टक्कर के बाद आरोपी युवकों ने सिपाही को धमकाते हुए कहा₹अब देख लेंगे तुझे₹ और कार तेज रफ्तार में भगाकर फरार हो गए। घायल सिपाही ने थाने पहुँचकर पूरी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मामला दर्ज कर कार नंबर यूपी 25 डी के 2817 के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके।

### मेरठ में ऑपरेशन क्लीन के तहत 125 लीटर शराब नष्ट



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।**ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई जारी है। गुरुवार को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-5 के आदेश पर जनपद मेरठ में करीब 125 लीटर माल मुकदमाती शराब का निस्तारण (डिस्पोजल) किया गया।यह कार्रवाई थाना मेडिकल मेरठ पर की गई, जिसमें थाना जीआरपी सिटी मेरठ और थाना देहली गेट मेरठ से संबंधित मुकदमों की बरामद शराब शामिल थी। डिस्पोजल की कार्यवाही अपर नगर मजिस्ट्रेट सिविल लाइन, क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन तथा सम्भ्रांत व्यक्ति श्री सरवजीत की मौजूदगी में नियमानुसार पूरी की गई अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई जिलाधिकारी मेरठ और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर की गई है। ऑपरेशन क्लीन के तहत जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि ऐसे अवैध कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## गढ़ मेला सकुशल संपन्न हुआ मेला : प्रभारी निरीक्षक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र**



**हापुड़।** जनपद में कई थानों के थाना प्रभारी रहे इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने चार्ज पर रहते हुए कई सराहनीय कार्य किए हैं साथ ही अपराधियों पर भी ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। पिछले रिकॉर्ड में देखा जाए तो इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने हापुड़ में अवैध तमंचे की फैक्ट्री सहित लोगों से ठगी करने वाले ठगों के खिलाफ सहित कई बड़ी कार्रवाई की है।

तो वहीं तेज तर्रार इंस्पेक्टरों में कहे जाने वाले इंस्पेक्टर नीरज कुमार किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने में नंबर बन रहे है,। तो वहीं दूसरी तरफ हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने नीरज कुमार को दूर तक प्रसिद्ध गढ़ गंगा मेला का प्रभारी बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी मेले में कई लाख श्रद्धालु दीपदान कर आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे थे मेला प्रभारी ने अपने जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। हालांकि उच्च अधिकारियों से लेकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेवारी को निभाया दिन-रात मेहनत कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए पुलिस और प्रशासन की मेहनत से मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ जिसमें हापुड़ एसपी ने मेला प्रभारी के कंधों पर जो जिम्मेदारी सौंपी थी मेला प्रभारी नीरज कुमार ने बखूबी निभाया मेला शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया।

## शिक्षक डॉ. राजवीर सिंह को मॉरीशस में अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में मिलेगा मंच

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा (रामपुर)।** नगर के मॉडल कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह को मॉरीशस में आयोजित होने वाली शैक्षिक यात्रा एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया है। डॉ. सिंह इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर करेंगे शोध पत्र प्रस्तुत**

साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, यह शैक्षिक यात्रा 9 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी।विभिन्न कार्यक्रमों के बाद इसका समापन 13 जनवरी को बृहद पुरोहित संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या के साथ टेरै रुग में किया जाएगा।

मूल रूप से ग्राम ठिरियादान, ब्लॉक भगतपुर, जनपद मुरादाबाद (निकट टांडा बादली) के निवासी डॉ. सिंह एक गरीब किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त करने के बाद उन्होंने बीएड वनस्पति विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और इतिहास में परास्नातक की उपाधियाँ हासिल कीं। वनस्पति विज्ञान में पीएचडी करने के बाद साउथ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी, अमेरिका ने उन्हें गोवा में डी-लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

डॉ. राजवीर सिंह ने परिषदीय शिक्षक के रूप में रहते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। वे पिछले 11 वर्षों से शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और शिक्षकों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने में उनकी छवि निष्पक्ष और हितैषी नेता के रूप में स्थापित है।

डॉ. राजवीर सिंह को जिले में कई बार जिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## साइबर अपराधियों पर मेरठ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 89 मोबाइल की आईएमईआई हुई ब्लॉक

**मेरठ (जाकिर तुर्क)।** साइबर ठगी पर नकेल कसने के लिए मेरठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी में संलिप्त पाए गए अपराधियों के 89 मोबाइल फोन की कटएक नंबर ब्लॉक कराए हैं।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर की गई है। साइबर सेल ने 6 नवंबर 2025 को दूरसंचार विभाग (ऊङ्खळ) और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (क4उ) के सहयोग से यह अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार, ऑनलाइन धोखाधड़ी में प्रयुक्त मोबाइल फोनों की पहचान कर उनकी कटएक ब्लॉक कराई गई है, जिससे अपराधी अब इन उपकरणों का दुरुपयोग नहीं कर सकेंगे। पुलिस का मानना है कि इस कदम से साइबर ठगी की घटनाओं में कमी आएगी और डिजिटल सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

## दूषित पानी पीने से रविन्द्रपुरी में दो दर्जन बीमार

**वेलकम इंडिया/ उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** सदर बाजार के रविन्द्रपुरी इलाके में लगी टंकी का दूषित पानी पीने से दो दर्जन से ज्यादा बीमार हैं। इस इलाके में घर-घर उल्टी दस्त के मरीज बताए जा रहे हैं। कैंट बोर्ड ने इस पानी की टंकी को ऑपरेट करने के लिए ठेकेदार को दिया हुआ है। वहीं दूसरी ओर जो गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें कैंटोनमेंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जो लोग हॉस्पिटल में एडमिट हैं उन्हें भी पेट में दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत है। यहां के डाक्टरों ने बताया कि जो मरीज भर्ती किए गए हैं उनको संभवत डायरिया हुआ है अब उनकी हालात में तेजी से सुधार भी हो रहा है। माना जा रहा है कि पानी की टंकी की अरसे से ब्लिचिंग नहीं की गयी है जिसकी वजह से इसका पानी दूषित हो गया है। आमतौर पर कैंट बोर्ड इसकी ब्लिंग करता रहता है। इस संबंध में सेनेट्री सेक्शन के जेई अभिषेक ने बताया कि समय समय पर पानी की टंकी की सफाई करायी जाती है। बोर्ड के अरिवन्द्र गुप्ता जेई बताते हैं कि जब भी कोई शिकायत मिलती है उसका संज्ञान लेकर काम कराया जाता है।

रविन्द्रपुरी की पानी की जिस टंकी को संचालित करने के लिए ठेके पर दिया गया है उसको आपरेट करने के लिए चौबीस घंटे एक ही संविदा कर्मचारी काम करता है। नियमानुसार पानी की टंकी आपरेटर करने के लिए ट्रेड डिप्लोमा धारक स्टाफ रखा जाता है, लेकिन 12 हजार रुपए महीना की पगार वाले जिस संविदा कर्मचारी को यहां रखा गया है उसके पास कोई डिप्लोमा नहीं है। रही सही कसर चौबीस घंटे की डयूटी पूरी कर देती है। केवल रविन्द्रपुरी टंकी ही नहीं सूत्रों ने जानकारी दी है कि कैंटोनमेंट हॉस्पिटल के तीनों पंप आपरेट करने के लिए जो संविदा कर्मचारी रखा गया है उसके पास भी कोई डिप्लोमा नहीं है। उसको भी चौबीस घंटे डयूटी करनी होती है।

## आज हीरालाल रामनिवास पीजी कॉलेज खलीलाबाद में किया जाएगा बृहद रोजगार मेले का आयोजन

**संतकबीरनगर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचनार्थ अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय संत कबीर नगर द्वारा दिनांक 07.11.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक, हीरालाल रामनिवास पी0जी0 कालेज खलीलाबाद संत कबीर नगर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी एल0आई0सी0, ब्लिंकइट, एप्टिव इण्डिया प्रा0लि0, एस0बी0आई0 लाईफ एन्सूरेंश, छ&ळ कंस्ट्रक्शन, श्री राम फाइनेन्स, मदरसन मेट आटोमोटिव, कैरियर ब्रिज स्किल सौल्यूशन, एप्टिव इण्डिया प्रा0लि0, सिसका इलेक्ट्रिकल, स्वाभिमान माइको फाइनेन्स एवं काशी एग्रो लिमिटेड प्रतिभाग कर रही हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मेरठ पुलिस सक्रिय



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत मेरठ पुलिस ने गुरुवार को जिलेभर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व जागरूकता के लिए व्यापक अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अपराध एवं नोडल अधिकारी अवनीश कुमार के निर्देशन में एंटी रोमियो प्रभारी, शक्ति दीदी और महिला बीट अधिकारी सक्रिय रहीं।

टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, मंदिरों और चौपालों पर जाकर महिलाओं व छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि की जानकारी दी और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला, महिला पेंशन व बैंकिंग सखी जैसी योजनाओं से अवगत कराया।

मिशन शक्ति केंद्रों पर गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, बाल विवाह, बाल श्रम और घरेलू हिंसा पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। मवाना, रोहटा, लोहिया नगर, सिविल लाइन, खरखोदा, हस्तिनापुर व दौराला थानों में पंपलेट वितरण और कानूनी जानकारी दी गई। पुलिस प्रशासन ने एंटी रोमियो टीमों को नियमित रूप से सार्वजनिक स्थलों पर सक्रिय रहकर महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

## दो मादक पदार्थ तस्कर हरियाणा में गिरफ्तार, हरियाणा पुलिस की दबिश

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** हरियाणा के सोनीपत जनपद के थाना गन्नौर क्षेत्र से पुलिस ने कस्बा निवासी दो युवकों को मादक पदार्थ तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गुरुवार को हरियाणा पुलिस दोनों मादक पदार्थ तस्करों को लेकर कस्बे में पहुंची और कई जगहों पर दबिश दी। मादक पदार्थ तस्कर नहीं मिलने पर हरियाणा पुलिस दोनों तस्करों को लेकर वापस लौट गई। विगत एक सप्ताह पूर्व कस्बे के सलेमपुर मार्ग निवासी मुबारिक पुत्र आबिद व मोहल्ला मिर्दगान निवासी कैफ असारी पुत्र याकूब को हरियाणा जनपद के सोनीपत जिले की गन्नौर पुलिस ने स्मैक तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों तस्करों के कब्जे से स्मैक बरामद करते हुए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया था। गुरुवार को गन्नौर थाने के उप निरीक्षक प्रदीप एवं संदीप, हेड कांस्टेबल विकास के साथ दोनों तस्करों को रिमांड पर लेकर कस्बे में पहुंची। हरियाणा पुलिस ने थाने पर आमद कराते हुए दोनों तस्करों को लेकर कस्बे के कई स्थानों पर मादक पदार्थ तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी। हरियाणा पुलिस के आने से पूर्व ही तस्कर मौके से फरार हो गए। हरियाणा पुलिस अपने साथ लाई दोनों तस्करों को लेकर वापस लौट गई। हरियाणा पुलिस की दबिश से नगर में मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई बाइक सवार घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया राहगिरों ने उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया? चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गंगेरू निवासी विजय कुमार बाइक पर सवार होकर बुधवार की देर रात्रि किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। बाइक सवार अपना कार्य समाप्त कर अपनी बाइक पर सवार होकर वापस गंगेरू जा रहा था। जैसे बाइक सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तो बाइक अचानक से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी।

## पूर्व राज्य मंत्री ने महेंद्र मंगला का अयोध्या के प्रथम आगमन पर किया जोरदार स्वागत

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**अयोध्या।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राज्यसभा सांसद एवं कोषाध्यक्ष अजय माखन के राजनीतिक सचिव मेहंद कुमार मंगला का अयोध्या जनपद में प्रथम आगमन पर जिले की सीमा रानीमऊ चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय निर्मल कुटिया पर अयोध्या जाते पीसीसी सदस्य कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यमंत्री दिल्ली सरकार दयानंद शुक्ला के नेतृत्व में अपने पदाधिकारियों कार्यकताओं संग गुलाब के फूल के बुके दे जोरदार स्वागत किया।

वरिष्ठ नेता दयानंद शुक्ला ने बताया कि श्री माखन के राजनीतिक सचिव जनप्रिय नेता एवं नई दिल्ली के गौरव महेंद्र मंगला को नई दिल्ली जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष भी बनाया गया है श्री शुक्ल ने कहा कि बिहार में चल रहे विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ही सरकार, इस बार इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए गए झूठे वादे झूठे सपने और झूठी बातों को लेकर जनता पूरी तरह से जग चुकी है इस बार भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस अवसर पर अनमोल शुक्ला महासचिव युवक कांग्रेस कमेटी अयोध्या, दरियाबाद के व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष रावत मोहित शुक्ला रंगीलाल हरिकेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में आगामी निर्वाचन की तैयारी के दृष्टिगत निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा- निदेशों की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि एस आई आर का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचन नामावलियों को पूर्णतः शुद्ध,पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है वहीं मृतकों अथवा अपात्र व्यक्तियों के नामों को सूची से हटाया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु बूथ लेवल एजेंट्री प्रणाली लागू की है इसके अंतर्गत प्रत्येक राजनैतिक दल अपने बूथ स्तर के एजेंटों की नियुक्ति कर सकेगा जो मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने एजेंटों को प्रशिक्षित कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन कार्य में सहयोग प्रदान करें,ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे आम जनमानस को भी इस प्रक्रिया से जोड़ें और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण हेतु प्रेरित करें साथ ही मतदाता सूची में त्रुटियों अथवा पुनरीक्षण संबंधी सुझाव समय पर प्रस्तुत करें जिससे आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में संशोधन कार्य पूर्ण कराया जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अपने पार्टी से बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति करके तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने कहा की बूथ लेवल अधिकारी द्वारा गणना प्रपत्र फार्म को पुनः निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने के पश्चात उसके जॉच हेतु समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को बूथ आवंटित करके जाँच करा ली जाये।

## झगड़ा कर रहे तीन लोगों का पुलिस ने किया चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में जमीनी विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कर चालान किया है।दूसरी और गंगेरू में पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी मे चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी प्रवेश और रीतिक दोनों चचेरे भाई हैं।विगत बुधवार को दोनों चेचर और तेहरे भाइयों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी और कार्रवाई की मांग की थी। गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर फिर से दोनों लोग आपस में झगड़ने लगे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। दूसरी और गंगेरू निवासी महिला शबाना ने बताया कि उसका पति मुजफ्फर आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करता है। घरेलू विवाद सुलझाने के लिए आए मामा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गुरुवार को तीनों लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को चालान कर दिया।

# ममता को किया कलंकितः झाड़ियों में फेंका मासूम, कुत्तों ने नोच डाला



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जनपद बरेली से इंसानियत को झकझोर कर देने वाली घटना सामने आई है।थाना शीशगढ़ क्षेत्र के ग्राम बंजरिया में एक नवजात शिशु को जन्म लेते ही उसकी कलयुगी माँ ने झाड़ियों में फेंक दिया।सुबह जब ग्रामीणों ने झाड़ियों से कुत्तों के भौंकने की आवाजें सुनीं तो नजारा देखकर वह सन्न रह गए, एक मासूम का शरीर कुत्तों के बीच पड़ा हुआ था।कुत्ते उसका एक हाथ नोच चुके थे।ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँची बंजरिया चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार, नवजात की उम्र महज एक से दो दिन बताई जा रही है।पुलिस का कहना है कि शिशु को जन्म के तुरंत बाद झाड़ियों में फेंका गया होगा, जिससे ठंड और जानवरों के हमले से उसकी मौत हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ₹किसी कलयुगी माँ ने समाज की लोकलाज के डर से अपने ही बच्चे को मौत के हवाले कर दिया।₹ इस वीभत्स दृश्य को देखकर गाँव के लोग आक्रोश और गहरे दुःख में हैं। फिलहाल पुलिस ने आसपास के इलाकों में पूछताछ शुरू कर दी है ताकि उस निर्दयी माँ का पता लगाया जा सके जिसने ममता को कलंकित कर दिया।

## 2 को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रापए सीएम को सम्बोधित ज्ञापन मण्डलायुक्त को सौपेंगा

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 12 नवंबर को मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मण्डलायुक्त को सौपेगा। उक्त जानकारी मण्डल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी और मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने देते हुए मण्डल के तीनों जिलों के पत्रकारों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## दंपति के साथ हुई मारपीट कार्रवाई की मांग



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी एक दंपति के साथ परिवार के लोगों ने जमकर मारपीट की महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव श्याम गढ़ी निवासी महिला रुचि पत्नी सन्नी ने बताया कि वह दो माह की गर्भवती है पीड़िता का पति पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का कार्य करता है।जब वह कार्य पर गया हुआ था तो आरोप है उसके साथ सांस,जेठानी, व जेठ ने मारपीट कर दी सूचना पाकर जैसे ही उसका पति मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए दोनों को घर से निकाल दिया। पीड़ित दंपति ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## इंटरनेशनल पैन्स ऑफ कॉन्शियन्स अवॉर्ड-2025 से सम्मानित हुए विकास मिश्र

**वेलकम इंडिया/ डॉ. गोपाल चतुवेर्दी**



**दिल्ली/मथुरा।** नेशनल अवॉर्ड समिति के द्वारा प्रख्यात साहित्यकार एवं लेखक विकास मिश्र को उनके द्वारा उत्कृष्ट लेखन, पत्रकारिता, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने के ₹इंटरनेशनल पैन्स ऑफ कॉन्शियन्स अवॉर्ड 2025₹ से सम्मानित किया गया है।ज्ञात हो कि सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) के मूल निवासी विकास मिश्र की लेखनी ने सृजनशीलता, मानवीय दृष्टि और समाजोपयोगी विचारधारा ने न केवल साहित्य जगत को समृद्ध किया है, बल्कि समाज में चेतना, संवेदना और सकारात्मक परिवर्तन की भावना को भी प्रोत्साहित किया है।साथ ही विकास मिश्र की पहचान एक कवि और पत्रकार के रूप में हैं। सम्मानित हुए विकास मिश्र ने इस सम्मान के लिए डॉ शम्भू पंवार और संस्था के अन्य पदाधिकारियों के साथ साथ अपने माता पिता और अपने शुभचिंतको के प्रति भी आभार प्रकट किया हैं।विकास मिश्र को हिंदी साहित्य से, शिक्षण और समाजसेवा से बहुत लगाव है।विकास मिश्र मूलतः ग्राम नटोली कलां,ढेका पखनपुर, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले है।वर्तमान समय में वे दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में कार्यरत हैं। ब्रज साहित्य सेवा मंडल, मथुरा के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चतुवेर्दी ने विकास मिश्र के सम्मानित होने पर हर्ष व्यक्त किया है।साथ ही प्रभु से उनके उज्ज्वल सुखद व दीर्घ जीवन की मंगल कामना की है।

## शिवपुर पुलिस ने एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व वारण्टी,फरार,वांछित अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित वाद संख्या 02/2018 धारा-135 वि0 अधिनियम थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वारंटी मंगल पुत्र भोलेनाथ निवासी एसएच 58/15-सी गिलट बाजार थाना शिवपुर वाराणसी वाराणसी उम्र करीब 34 वर्ष को 6 नवम्बर गुरुवार को वारण्टी के निवास स्थान मकान नंबर एसएच 58/15-सी गिलट बाजार थाना शिवपुर थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया।

## 1100 दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा बैजनाथ मंदिर का घाट



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर नमामि गंगे के तहत बैजनाथ मंदिर के घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर 1100 दिए जलाए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एक नई जागृति लाने का काम करते हैं। उन्होंने लोगों से नदियों को हमेशा स्वच्छ रखने की अपील की।विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या व ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने कहा कि नदियों से ही जीवन संभव है। नदियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए सभी को आगे आना होगा।इस मौके पर वैदिक मंत्रोंच्चारों के साथ गंगा आरती भी की गई।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद, जिपंस जनार्दन लोहुमी, ज्येष्ठ प्रमुख नंदन थापा, हरीश रावत, त्रिलोक बुटौला, गोपाल सिंह नेगी, हिमांशु खाती, वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह गुसाई, ईश्वरी दत्त कांडपाल, चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## गुजरात से आई सैकड़ों महिलाएं बोलीं काशी में गाय के गोबर के दीयों से जगमगाई देव दीपावली

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में इस बार देव दीपावली का एक अनोखा और प्रेरक दृश्य देखने को मिला राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी संगठन,नर नारायण देव चैरिटेबल ट्रस्ट,रेवा वूमेन्स वेलफेयर फाउंडेशन एवं सोसाइटी फॉर इंडियन डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वाधान में सैकड़ों स्ट्रीट वेंडर महिलाएं विशेष रूप से गुजरात से वाराणसी पहुंचीं और उन्होंने गाय के गोबर से बने दीयों से गंगा तट को रोशन कर स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का संदेश दियो महिलाओं ने कहा कि यह अभियान ह्लगोबर से गौरव तकह्व की भावना को साकार करता है इन दीयों को पूरी तरह प्राकृतिक सामग्री से तैयार किया गया है जो न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं बल्कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का साधन भी प्रदान कर रहे हैं।

राष्ट्रीय फेरी पटरी ठेला व्यवसायी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक निगम ने कहा कि देव दीपावली के अवसर पर जब इन गाय के गोबर से निर्मित दीयों की लौ गंगा के तटों पर टिमटिमा रही है तो काशी की पवित्रता और ह्यस्वच्छ भारतह्न का संदेश एक साथ गूंज उठ रहा है आयोजन में शामिल महिलाओं का उद्देश्य देशभर में यह प्रेरणा फैलाना है कि परंपरा और पर्यावरण संरक्षण को जोड़कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं गुजरात से आई इन महिलाओं की सहभागिता ने न केवल काशी की देव दीपावली को विशिष्ट बना दिया बल्कि यह भी साबित किया कि जब देश की नारी शक्ति आगे बढ़ती है, तो संस्कृति और स्वच्छता दोनों का दीप एक साथ जल उठता है।

## नगर आयुक्त ने रमना में वेस्ट टू चारकोल प्लांट का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को रमना में स्थित वेस्ट टू चारकोल प्लांट का निरीक्षण किया गया।नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि 600 टन प्रतिदिन की क्षमता के इस प्लांट में वर्तमान समय ट्रायल आधार पर 200 टन प्रतिदिन कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एनटीपीसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि प्लांट को पूरे क्षमता के साथ चला कर प्रतिदिन 600 टन कूड़े का निस्तारण किया जाये निरीक्षण में पाया गया कि इस प्लांट में मिश्रित कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि डोर टू डोर निकलने वाले कूड़े का ही इस प्लांट में निस्तारण किया जाय साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि मलबा मिश्रित कूड़े के निस्तारण हेतु एक आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त सविता यादव, डाक्टर नवनीत कुमार तथा वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन के प्रतिनिधि अनुज भाटी उपस्थित थे।

## अपने ने उतारा अपने को मौत के घाट धारदार हथियार से भतीजे ने चाचा को मौत के घाट उतारा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** कोतवाली शहर क्षेत्र के भरेरा में जमीन विवाद के चलते एक भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल चाचा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना बिजनौर कोतवाली शहर के भरेरा गांव की है। गुरुवार सुबह (65) वर्षीय) नरेश सिंह पुत्र प्रवीण सिंह अपने खेत पर गए थे।इसी दौरान उनके भतीजे 45 वर्षीय नरेंद्र पुत्र गिरीश कुमार ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे नरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घायल नरेश सिंह को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, नरेश सिंह और उनके भतीजे विनीत के बीच करीब एक साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।इसी पुरानी रंजिश के चलते भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। मृतक नरेश सिंह के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। उनका बेटा दिल्ली में सीआईएसएफ में दरोगा के पद पर तैनात है, जबकि बेटी की शादीहो चुकी है। इस मामले में एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर के भरेरा गांव में सुबह पहले से चले आ रहे जमीन विवाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा हुआ था।इसमें भतीजे ने अपने चाचा पर धारदार हथियार से हमला किया, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई।

## कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नौ किलो 712 ग्राम अवैध चरस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पुलिस अधीक्षक, चन्द्रशेखर घोड़के के कुशल नेतृत्व में बागेश्वर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्व लगातार बड़ी कार्यवाही जारी है।पुलिस उपाअधीक्षक अजय साह के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के तहत एसओजी व कोतवाली बागेश्वर पुलिस की संयुक्त टीम को अब तक अवैध चरस की सबसे बड़ी खेप को पकड़ने में सफलता मिली है।

पुलिस उपाधीक्षक अजय साह ने प्रेस वार्ता करते हुए मामले का खुलासा किया।बताया कि कोतवाली पुलिस और एसओजी प्रभारी और उनकी टीम द्वारा द्वारसों में पुराने हाईडिल के पास चैकिंगअभियान चलाया गया था।जहां चेकिंग के दौरान एक वाहन चालक पुलिस को संदिग्ध दिखा।वह पुलिस की जांच को देखते हुए सकपका गया था।चेकिंग के दौरान वाहन चालक दिनेश सिंह मेहता पुत्र प्रवीण सिंह मेहता निवासी मलखाडुंगर्चा थाना कपकोट निवासी पुलिस टीम को चकमा देने की कोशिश करने लगा।तभी वाहन की गहनता से जांच के दौरान एक बैग की तलासी लेते हुए उसमें चरस की खेप बरामद हुई।जिसके बाद युवक के कब्जे से 9.712 किग्रा.अवैध चरस बरामद की गई। मौके पर ही वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया गया।

जहां कोतवाली बागेश्वर में 60 आबकारी एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। जहाँ मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड में भेज दिया गया।आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस और एसओजी टीम को पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ द्वारा पांच हजार एवं एसपी द्वारा ढाई हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** हल्दौर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हल्दौर से गंज की ओर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम फते हउल्लापुर पोटा निवासी रोहित (32 वर्ष) पुत्र नरपाल अपनी बाइक से गंज की ओर जा रहा था।गंज के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया पहुंची। घायल रोहित को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि मृतक रोहित विवाहित था और उसका एक आठ वर्षीय बेटा है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, रोहित ही घर का एकमात्र सहारा था। उसकी अकाल मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## भनेड़ा में गुलदार दिखाई देने से दहशत का माहौल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर किरतपुर।** क्षेत्र में गुलदार का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है।भनेड़ा क्षेत्र में गुलदार के दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है।युवा समाज सेवी, किसान नेता एंव प्रधान पद के उम्मीदवार शेख मौहम्मद कैफ ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर क्षेत्र में पिंजरा लगवाया। क्षेत्र के गांव भनेड़ा में आसपास के खेतों में गुलदार दिखाई दिया। गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई।ग्रामीणों ने लोगों को इकठ्ठा किया।

सूचना पर समाज सेवी, किसान नेता एंव प्रधान पद के उम्मीदवार शेख मौहम्मद कैफ, मोनिस, फैज आलम, फारुक, तालिब, सलमान, तय्यब, इम्मू एंव अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके पर वन कर्मियों को बुलाया गया और उन्हें गुलदार दिखाई देने पर उसे पकड़ने की मांग रखी।शेख मौ० कैफ ने बताया कि क्षेत्र में खेतों में कई स्थानों पर गुलदार दिखाई दिया।

उन्होंने बताया कि गुलदार को पकड़वाने के लिये वन विभाग द्वारा पिंजरा लगवा दिया गया है। शेख मौहम्मद कैफ ने कहा कि वह ग्रामीणों की सेवा को धर्म सेवा मानते हैं और ग्रामीणों की सेवा लिये 24 घंटे तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्रामीण को कभी भी मेरी आवश्यकता है तो बिला झिझक, बिना किसी भेदभाव के मुझसे मिल लें या मुझे बुला सकते हैं।मैं नेता बनकर नहीं सेवक बनकर ईमानदारी से काम करूंगा।

## गरुड़ महाविद्यालय को मिला स्थायी प्राचार्य

**गरुड़।** दिनेश नेगी, सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ को स्थायी प्राचार्य मिल गया है।नवनियुक्त प्राचार्य के रूप में डा. धीरेंद्र नाथ तिवारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।प्राचार्य डा. डीएन तिवारी की अकादमिक यात्रा पूरब का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय से होकर गुजरी।यहां से उन्होंने स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूर्ण की।इसके पश्चात लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश से उनका चयन उच्च शिक्षा (हिल कैडर) में हिन्दी प्रवक्ता पद पर वर्ष 1998 में हुआ। उनकी प्रथम नियुक्ति राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में हुई। यहां हिंदी विभाग के प्रवक्ता के रूप में उन्होंने बारह वर्ष तक सेवा प्रदान की।

# एनवायरमेंट क्लब ने ऋषिकेश पहुंच चलाया स्वच्छता अभियान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एनवायरमेंट क्लब द्वारा हिमाद्री फाउंडेशन के साथ ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को गंगा व अन्य नदियों की निर्मलता और उसके घाटों की स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। क्लब ने गंगा उत्सव 2025 को मनाते हुए यह स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें 50 किलो से अधिक कूड़ा मात्र एक घंटे में एकत्रित किया गया। क्लब और हिमाद्री फाउंडेशन की युवा टीम ने संयुक्त रूप से मुख्य रूप से प्लास्टिक जनित कूड़ा जैसे पॉलीथिन, चिप्स के पैकेट, ढक्कन, कांच की बोतल आदि एकत्रित किया। स्वच्छता अभियान के बाद परमार्थ निकेतन घाट पर सायंकाल आरती के पश्चात क्लब की टीम ने श्रद्धालुओं को गंगा व अन्य नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। एकत्रित लोगों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार का कूड़ा- करकट, प्लास्टिक को किसी भी नदी में ना फेंकें। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि नदियां भारत की जीवनरेखा हैं, इस पवित्रता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। परमार्थ घाट पर सभी को गंगा की स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलायी गई। सावन ने बताया कि दिसंबर में क्लब पर्यावरण संरक्षण में अपने 10 वर्ष पूर्ण कर रहा है, इसी के तहत क्लब दशक महोत्सव मना रहा है। दशक महोत्सव के तहत ही ये है विशेष स्वच्छता अभियान ऋषिकेश में चलाया गया। क्लब टीम के साथ मौजूद श्रद्धालुओं ने गंगा को स्वच्छ कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे, हम सबने यह ठाना है गंगा को स्वच्छ बनाना है आदि नारों से घाट स्थल को गुंजायमान किया। क्लब के इस स्वच्छता अभियान को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे मिशन द्वारा भी अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर प्रमुखता के साथ साझा किया गया है। स्वच्छता अभियान में क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, हिमाद्री फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक वर्मा, अरुणिमा, ओम, सुनील, लक्ष्य निचंत, अभिषेक, यशिका, अनमोल, हिमांशु, कैफ, तरुण जैन, मयंक टम्टा, पंकज, अरमान, सचिन आदि उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव जी का प्रकाश बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में गुरु नानक देव जी का प्रकाश बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीन दिल से निरंतर चल रहे अखंड पाठ साहब की भोग की समाप्ति के उपरांत निशांत का चोला बदलकर गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथि ज्ञानी जोरावर सिंह द्वारा कीर्तन व गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उपरांत गुरु का लंगर अटूट वरताया गया। करीब 3000 से 4000 श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर प्रसाद ग्रहण किया व रात को कीर्तन दरबार किया गया। जिसमें कई बच्चों ने गुरु साहिब की शाबाद गुरबाणी गाकर सगतो को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब में आतिशबाजी कर कर गुरु साहब के प्रकाश पर्व की खुशियां मनाई। जिसमें बागपत जिले के सांसद राजकुमार सागवान , विधायक मंजू शिवाच,सभासद मोनू धमा, पंजाबी संगठन से अजय ग्रोवर, रीता ढोडी, वह कई सामाजिक लोगों ने गुरु घर में माथा टेक कर गुरु साहब का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी को साल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन बच्चों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने गुरुद्वारा साहेब कीर्तन वह कविता द्वारा सगत को निहाल किया गया। गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी द्वारा सभी उन परिवारों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। जिन्होंने इस महान कार्य में अपना तन मन धन से सहयोग दिया प्रबंधक कमेटी में सरदार गुरमीत सिंह सरदार दलवीर सिंह बेदी सरदार सुरजीत सिंह ढिल्लों सरदार मनमोहन सिंह ग्रोवर सरदार बलविंदर सिंह सरदार भूपेंद्र पाल सिंह सरदार हरजीत सिंह सरदार सतवनत सिंह सरदार मंजीत सिंह सरदार तरनजीत सिंह नवदीप बत्रा वह स्त्री सत्संग से कमवजीत कौर जितेंदउपसतित रंजीत कौर पाल कोर सरबजीत कौर गुरविंदर कौर मनदीप ढिल्लों रमनदीप कौर मनजीत कौर उपस्थित रहे।

# मनोज राठी को ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन मेरठ मण्डल का प्रभारी बनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने मनोज राठी को संगठन मेरठ मंडल का प्रभारी एवं जिला पंचायत चुनाव संयोजक नियुक्त किया है। उन्होंने

मनोज राठी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ब्रजवीर दहिया ने कहा कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की ओर से यह घोषणा बड़े गर्व और विश्वास के साथ की जाती है कि मनोज राठी को ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन मेरठ मण्डल का प्रभारी एवं जिला पंचायत चुनाव संयोजक (मेरठ मण्डल) नियुक्त किया गया है। मनोज राठी ने सामाजिक सरोकार, गांव-ग्राम की जमीनी समझ, जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा और पंचायत सशक्तिकरण के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मेरठ मंडल में संगठन और अधिक मजबूत, संगठित और सक्रिय होगा। पंचायतों को उनका संवैधानिक अधिकार मिलना हमारा संकल्प है और इस संकल्प को जन आंदोलन के रूप में रूपांतरित करने में मनोज राठी की भूमिका अत्यंत अहम् रहेगी। संगठन तुम्हारे साथ है - गांव की आवाज अब और बुलंद होगी। हार्दिक शुभकामनाएं एवं अग्रिम बधाई।

# श्री गुरू नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निष्काम भवन में स्वचालित पेशेंट बेड सेवा का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्री गुरू नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर निष्काम भवन में स्वचालित (इलेक्ट्रिक) पेशेंट बेड सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा विशेष रूप से हृदय रोगियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं एकल परिवारों में रह रहे रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखकर प्रारंभ की गई है। निष्काम परिवार के संरक्षक दिलीप शर्मा ने बताया कि निष्काम संस्था प्रत्येक वर्ष गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर एक नई सेवा प्रारंभ करती है, और उसी क्रम में इस वर्ष यह स्वचालित बेड सेवा समाज को समर्पित की गई है। उन्होंने बताया कि यह अत्याधुनिक बेड रिमोट कंट्रोल सिस्टम से संचालित है, जिससे मरीज अपनी स्थिति सिर, पीठ या पैर को स्वयं नियंत्रित कर सकता है तथा आपात स्थिति में बिना अटेंडेंट के भी इसका सुरक्षित उपयोग संभव है। यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरजीत सिंह गिल, श्री दिलीप शर्मा, श्री धीरज कालरा, श्री प्रेम कुमार चचडा एवं ज्ञानी रविन्द्र सिंह आहुजा ने रिबन काटकर इस सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने इस नई सेवा के लिए दो स्वचालित बेड निष्काम को भेंट करने हेतु श्री दिलीप शर्मा का आभार व्यक्त किया तथा इस सेवा के पीछे की अवधारणा और उद्देश्य साझा किए।

वहीं डॉ. गुरजीत सिंह गिल ने बेड की उपयोगिता और कार्यप्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाया। समिति के सचिव श्री जसप्रीत सिंह ने बताया कि यह सेवा आंशिक मेंटेनेंस शुल्क पर निष्काम भवन से उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले सकें। संस्था के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा ने इस पुनीत पहल के लिए समस्त निष्काम परिवार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान निष्काम परिवार के सभी सदस्यों ने सामूहिक अरदास कर इन स्वचालित बेड्स को जरूरतमंद रोगियों की सेवा हेतु समर्पित किया। इस अवसर पर निष्काम के वरिष्ठ सदस्य राजेश खुराना, मनदीप सिंह, लवली सचदेवा, पुनीत बत्रा, जसमिन्दर सिंह, रमन कपूर, सुनील नारंग, गुरमीत सिंह कलसी, गौरव जगपाल, मनप्रीत सिंह, अनुप्रीत कौर, साक्षी खुराना, एकता सचदेवा, गगन गिल, हरसिमर सिंह, मनप्रीत सिंह,,गुरदीप सिंह, मनिंदर सिंह, अनिरुद्ध वासुदेवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम कुंड व माता कामाख्या तीर्थ यात्रा का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व सभासद समाजसेवी दीपक वत्स के सीकरी फाटक स्थित कार्यालय पर भगवान परशुराम कुंड व माता कामाख्या तीर्थ यात्रा का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा,वरिष्ठ डॉक्टर विनोद शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया। मुख्य रूप से भाजपा नेता श्रीमती अपराजिता सिंह भाजपा नेता हेमंत पालीवाल प्रवक्ता संतोष पांडे,प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स,मुकुल शर्मा मोंटी राजपूत निखिल वत्स तरुण सोनी अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लाठी डंडों से घायल करने वाले दो अभियुक्तों को थाना सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के लखनावली गांव में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने एक घर में घुसकर जमकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया. जानकारी के मुताबिक, करीब आधा दर्जन दबंग गांव के ही एक परिवार से पुरानी जमीन के कब्जे को लेकर घर में घुस आए और लाठी डंडो से मारपीट कर दी. लोग जान बचाने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन दबंग तब तक मारपीट करते रहे जब तक युवक गंभीर रूप से घायल नहीं हो गया। घटना के बाद घायल देव नागर और तेजन नागर को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका फिलहाल इलाज चल रहा है. मारपीट की पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह से दबंग पहले पीड़ित के घर में घुसते हैं और फिर उसके साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई और कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी की पहचान श्यामबीर औ? भूरा के रूप में की गई है. पुलिस फिलहाल इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

# एआईएमए क्विज प्रतियोगिता में सेंट थॉमस स्कूल की भाव्यांशी और सुहानी रही विजेता

वेलकम इंडिया




**साहिबाबाद,(अनिल वशिष्ठ)।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से एआईएमए स्टूडेंट मैनेजमेंट क्विज रीजनल राउंड का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के 8 प्रमुख कॉलेजों और 20 प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 260 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाग लेने वाले कॉलेजों में अव्वियारे एजुकेशनल हब नोएडा, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एजुकेशन (साहिबाबाद), मेवार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, आईटीईआरसी कॉलेज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल रहे। वहीं स्कूल वर्ग से कार्ल ह्यूबर स्कूल, सन वैली स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज (सेक्टर-12, नोएडा), रामजस बॉयज स्कूल, रामजस गर्ल्स स्कूल, एस.एस. खालसा स्कूल, एंग्लो संस्कृत स्कूल, एच.एम.डी.ए.वी. स्कूल, प्लेटिनम वैली स्कूल, मिनर्वा स्कूल, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, होली एंजल स्कूल, सेठ मुकुंद लाल स्कूल, शशि पब्लिक स्कूल, डीएवी ब्रिज विहार, कैलाशवती स्कूल, अर्वाचिन इंटरनेशनल स्कूल, अर्वाचिन भारती (विवेक विहार) और सेंट मार्क्स स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल,डॉ अनिल कुमार सोलंकी,डॉ अमित जैन, डॉ मीनाक्षी शर्मा,डॉ. महजबीं बानो, निधि जैन, शोभना शर्मा, सपना शर्मा, देवांश अग्रवाल, विशाल सिन्हा, आशु सिकरी एवं क्विज मास्टर सूर्य उपस्थित रहे। क्विज के चार प्रतिस्पर्धात्मक राउंड में प्रतिभागियों की प्रबंधन ज्ञान, व्यावसायिक जागरूकता, सामान्य ज्ञान और विश्लेषणात्मक क्षमता का परीक्षण किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, सेंट थॉमस स्कूल की भाव्यांशी धपोला और सुहानी गुप्ता विजेता रहीं। सन वैली स्कूल के श्रेयस कानुंगो और मंत्रा सराफ प्रथम उपविजेता बने, जबकि सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की लावण्या सिंह और राजिता गोविंद द्वितीय उपविजेता रहीं। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# सिंधी समाज व ईष्टदेव श्री झूलेलाल जी के लिए गलत टिप्पणी करने पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल के खिलाफ सर्व सिंधी समाज, सवाई माधोपुर के द्वारा निकली गई आक्रोश रैली



सर्व सिंधी समाज, सवाई माधोपुर, राजस्थान, जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट अध्यक्ष हिन्दुस्तान शिवसेना मोन- 811371054,9818951279

वेलकम इंडिया

**( सवाई माधोपुर) राजस्थान ।** विगत 26 अक्टूबर 2025 को रायपुर छत्तीसगढ़ में जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल के द्वारा सिंधी समाज को पाकिस्तानी एवं ईष्टदेव श्री झूलेलाल जी के लिए गलत टिप्पणी की गई। जिसका रायपुर, छत्तीसगढ़ में ही नहीं संपूर्ण भारत में सिंधी समाज पुरजोर विरोध कर रहा है।

इस संदर्भ में आज दिनांक 6 नवंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे टोंक बस स्टैंड सवाई माधोपुर से मेन बाजार बजरिया होते हुए शर्मा होटल के सामने से कलेक्ट्री तक सर्व सिंधी समाज, सवाई माधोपुर के द्वारा एकता का परिचय देते हुए एक विशाल आक्रोश रैली निकाली गई। इस आक्रोश रैली में सवाई माधोपुर के सिंधी समाज की मातृशक्ति, माताएं, बहने, युवा साथी, वरिष्ठ साथी एवं सभी व्यापारी मौजूद रहे। आक्रोश रैली में सिंधी एकता जिंदाबाद, अमित बघेल मुदार्बाद, झूलेलाल जी का अपमान नहीं सहेगा सिंधी समाज इस तरीके के नारे लगाए गए। समाज के द्वारा अमित बघेल का पुतला बनाया गया। जिला कलेक्ट्री के सामने उसे जूते चप्पलों से पीटा गया एवं उस पुतले को जलाया गया। महिलाओं, पुरुषों व सभी सिंधी साथियों ने अपना आक्रोश इस रैली में स्पष्ट किया। तत्पश्चात समाज के वरिष्ठ कोर कमेटी के अध्यक्ष श्रीमान ईश्वरदास गोहरानी जी, बजरिया पंचायत अध्यक्ष सुरेश सुखनानी जी, शहर पंचायत अध्यक्ष गोविंदराम लेखवानी जी, हाउसिंग बोर्ड पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार आसवानी जी, बजरिया पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान प्रेम कुमार वाधवा जी, हाउसिंग बोर्ड पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान रामचंद्र कृपलानी जी, समाजसेवी हिंदुस्तान शिवसेना राजस्थान प्रभारी जितेंद्र सिंधी जी (जीतू भैया), सिंधी युवा सेना, हाउसिंग बोर्ड मीडिया प्रवक्ता विकास लखवानी जी, समाजसेवी धर्मेंद्र सिंधी जी, वीडियो एडिटर गौरव लालवानी जी सब ने मिलकर एसपी साहब ओर अतिरिक्त जिला कलेक्टर साहब को प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सोपा और अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की गुजारिश की एवं उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए मांग की। आक्रोश रैली में सर्व सिंधी समाज, सवाई माधोपुर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी सभी युवा मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सभी महिला मंडलों की कार्यकर्ताए मौजूद थे।





# जिला वृक्षारोपण, गंगा और पर्यावरण समितियों की मासिक बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने की। इस बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद तथा समितियों के नामित एवं पदेन सदस्य उपस्थित रहे। सीडीओ अभिनव गोपाल ने बैठक में सभी कार्यदायी विभागों को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी के कार्यालय के आदेशानुसार अंतरविभागीय सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इसके अलावा, उन्होंने आगामी मानसून सत्र 2026-27 में होने वाले वृक्षारोपण अभियान के लिए अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करने और भूमि का चिन्हांकन करने के आदेश दिए। जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक में हिण्डन नदी के पुनरोद्धार के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए। अभिनव गोपाल ने विभागों को हिण्डन नदी के तटों पर वृक्षारोपण करने, नालों की नियमित स्क्रीनिंग करने और संबंधित निकायों द्वारा नदी में गिरने वाले नालों का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि हिण्डन यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य आम जनमानस में हिण्डन नदी के पुनरोद्धार के प्रति जागरूकता फैलाना और नदी के तटों पर वृक्षारोपण का संदेश देना होगा। इस यात्रा के माध्यम से जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्रों के संवर्धन के महत्व को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में, श्री अभिनव गोपाल ने पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया कि डस्ट कंट्रोल एप पर निमार्णाधीन परियोजनाओं का अधिक से अधिक पंजीकरण किया जाए। साथ ही, मानक के अनुरूप कार्य न करने वाली संस्थाओं पर तुरंत जुमार्ना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जिले में ग्रैप स्टेज-02 लागू होने के कारण सभी विभागों को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रैप स्टेज-02 के सभी नियमों का अक्षरशः पालन किया जाए। इसके साथ ही समीर एप पर दर्ज शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने नोडल अधिकारी नामित करने और इसकी सूचना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उपलब्ध कराने के आदेश दिए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण अगले दो दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिसमें फोटोग्राफ और जीपीएस रीडिंग शामिल हों। उनका निर्देश था कि प्रत्येक कार्य का पालन प्रभावी तरीके से किया जाए ताकि जिले में पर्यावरण सुरक्षा और वृक्षारोपण अभियान का परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को कहा कि वे न केवल योजनाओं को लागू करें, बल्कि जनता के बीच जागरूकता अभियान भी चलाएँ। वृक्षारोपण और हिण्डन पुनरोद्धार के कार्यों के माध्यम से न केवल हरित क्षेत्र बढ़ेगा, बल्कि जिले में वायु गुणवत्ता और जल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कोई भी कार्य मानक के अनुरूप न होने पर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई का सामना करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिण्डन यात्रा और वृक्षारोपण अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए ताकि आम जनता में भी पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

# तुगलपुर के डूब क्षेत्र में चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुल्डोजर

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित एरिया तुगलपुर के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ बृहस्पतिवार को बुल्डोजर चलाया। इस जमीन पर कुछ कालोनाइजर अवैध रूप से कालोनी बसाने की कोशिश कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेनो प्राधिकरण परियोजना व भूलेख विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में तुगलपुर के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर करीब 40000 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कर लिया। जमीन प्राधिकरण के कब्जे में ले ली है। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर उसके बारे में पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। कॉलोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी भूलेख रामनयन सिंह ने बताया कि तुगलपुर के डूब क्षेत्र के खसरा नंबर 703 व अन्य की जमीन पर कालोनाइजर अवैध रूप से कालोनी बसाने की कोशिश कर रहे थे। एनजीटी की तरफ से स्पष्ट निर्देश हैं कि डूब क्षेत्र में किसी भी तरीके का निर्माण न किया जाए। प्राधिकरण की तरफ से नोटिस जारी अतिक्रमण हटाने को कहा गया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को खुद ओएसडी और प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में वर्क सर्किल-4 राजेश कुमार निम की टीम ने वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह व अन्य की टीम ने पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। कार्रवाई सुबह करीब 9 बजे से कार्रवाई शुरू हुई और दो घंटे तक चली। इस कार्रवाई में 7 जेसीबी और 3 डंफरों का इस्तेमाल किया गया।

ओएसडी ने कालोनाइजरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि डूब क्षेत्र या प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने पर ध्वस्तीकरण के साथ ही कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाध्यक्ष पर संकट के बादल: कोर्ट ने फर्जी मुठभेड़ मामले में केस दर्ज करने का दिया आदेश

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोपों के बाद स्थानीय कोर्ट ने उनके खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला 26 अक्टूबर को हुई कथित 'फर्जी मुठभेड़ज से जुड़ा है, जिसमें पुलिस ने चार युवकों को अपराधी बताकर गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने जब इस घटना से जुड़ी थाने की सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया, तो पुलिस ने बार–बार टालमटोल की, जिसके बाद अदालत ने सख्त रुख अपनाया। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने 26 अक्टूबर को क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में ऑटो में बैठकर लूट और टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों इरफान गाजी, शादाब, अमन गर्ग और नाजिम खान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया था। पुलिस का कहना था कि उनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया गया।
हालांकि, गिरफ्तार युवकों ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कर यह दावा किया कि उन्हें किसी मुठभेड़ में नहीं पकड़ा गया, बल्कि सीधे थाने से ही उठाया गया था। इस पर अदालत ने थाना प्रभारी को थाने की सीसीटीवी फुटेज पेश करने का आदेश दिया। इस घटना ने गाजियाबाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। अब सभी की निगाहें कोर्ट की आगामी सुनवाई और मेडिकल रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस पूरे मामले की दिशा तय करेगी।

## चार साल से युवती को कर रहा था परेशान, नशीला पदार्थ पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो


**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लिंकरोड थाना क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाया है कि रामप्रस्थ कॉलोनी निवासी अरविंदर यादव नामक युवक पिछले चार वर्षों से उसे लगातार परेशान कर रहा है। आरोपी की हरकतें इतनी बढ़ गईं कि उसने युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर उसका अश्लील वीडियो तक बना लिया और अब उस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसकी मुलाकात अरविंदर यादव से स्कूल के दिनों में हुई थी, जिसके बाद से ही आरोपी ने उसका पीछा करना और परेशान करना शुरू कर दिया। वह अक्सर युवती के रिक्शा में आकर बैठ जाता और अश्लील हरकतें करता था। एक बार तो उसने रिक्शा में ही अपने हाथ की नस काट ली और धमकी दी कि अगर युवती ने बात नहीं मानी, तो वह उसके भाई और दादा का अपहरण कर हत्या कर देगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने दबाव बनाकर उसे नशीला पदार्थ पिलाया और उसी हालत में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद से वह लगातार उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता ने बताया कि 24 अक्टूबर को आरोपी उसके घर पहुंच गया और गाली–गलौज करने लगा। जब दरवाजा नहीं खोला गया तो उसने दरवाजा तोड ? का प्रयास किया और जोर–जोर से लातें मारने लगा। भयभीत युवती अपने परिजनों के साथ आरोपी के घर पहुंची और शिकायत की, लेकिन वहां से कोई समाधान नहीं निकला। आखिरकार, चार वर्षों तक सहन करने के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। महिला सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में 'सुपर बीवर मून का नजारा देख मंत्रमुग्ध हुए विद्यार्थी

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में गुरुवार की शाम विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा अनुभव लेकर आई। विद्यालय परिसर में 'सुपर बीवर मूनज खगोलीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने दूरबीन के माध्यम से चंद्रमा का बेहद करीब और आकर्षक दृश्य देखा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में अंतरिक्ष और विज्ञान के प्रति गहरी रुचि और जिज्ञासा को जन्म दिया। यह आयोजन शाम 7 बजे से 8 बजे तक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ चंद्रमा की सतह पर बने गड्ढों, पर्वतों और रोशनी की छटा को नजदीक से निहारा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निवेदिता राणा और उप–प्रधानाचार्या श्रीमती नम्रता दुबे ने कार्यक्रम में सहभागिता की और विद्यार्थियों को ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढे के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या राणा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की सोच को विस्तृत करते हैं और उन्हें यह एहसास कराते हैं कि ज्ञान का संसार असीम है। ब्रह्मांड को समझना मानव के लिए सबसे रोमांचक और प्रेरक अनुभवों में से एक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चंद्रमा को देखते हुए अपनी जिज्ञासाओं पर चर्चा की और खगोल विज्ञान से संबंधित अनेक प्रश्न भी पूछे। शिक्षकों ने उनके सवालों के उत्तर देकर उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह आयोजन विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियान्त्रिकी और गणित आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस, गाजियाबाद में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कुल 24 महिलाओं की शिकायतों पर सीधे संवाद और त्वरित निस्तारण किया गया।

सदस्या ने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि संबंधित विभाग शिकायतों का निस्तारण शीघ्र करें और उसकी आख्या आयोग, लखनऊ को प्रेषित की जाए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की सुनिश्चितता के लिए कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित रहे अधिकारीः जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, एसीपी महिला अपराध, प्रभारी महिला थाना, संरक्षण अधिकारी, सेंटर मेनेजर वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1। सदस्या ने अधिकारियों के साथ प्रत्येक मामले पर विस्तार से चर्चा की और निस्तारण की दिशा में स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई के उपरांत डॉ. हिमानी अग्रवाल ने थाना सिहानी गेट में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर की जाँच की और केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की व्यवस्थाएँ प्रभावी और महिलाओं के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेल्प डेस्क पर शिकायतों का निस्तारण तुरंत और पारदर्शी तरीके से किया जाए। इसके साथ ही महिलाओं को सहायता प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। इसके बाद डॉ. हिमानी अग्रवाल ने जिला कारगर गाजियाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला सैल, रसोई घर, पुस्तकालय, कंप्यूटर क्लास, ब्यूटी पारलर तथा सिलाई मशीन ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएँ संतोषजनक हैं। इस अवसर पर भी एसीपी महिला अपराध, जेल अधीक्षक, प्रभारी महिला थाना, संरक्षण अधिकारी और सेंटर मेनेजर वन स्टॉप सेंटर यूनिट 1 उपस्थित रहे। माननीय सदस्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेल में महिला बंदियों के लिए सुविधाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम समय पर संचालित हों और उनका रिकॉर्ड नियमित रूप से रहे।

## राजनगर एक्सटेंशन के युवक से 50 तोला सोना और 10 लाख रुपये ठगे, कोर्ट के आदेश पर दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले एक युवक ने एक दंपती पर धोखाधड़ी, धमकी और जबरन वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। युवक की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद नंदग्राम थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी दंपती ने पहले ब्याज पर पैसे लेने के बहाने फाइनेंसर से 50 तोला सोना और लाखों रुपये हड़प लिए और बाद में उसे झूठे यौन उत्पीड ? के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित उदित कुमार, निवासी ऑफिसर सिटी, राजनगर एक्सटेंशन, ने बताया कि उनकी मुलाकात अप्रैल 2022 में अपनी सोसायटी के जिम में एक महिला से हुई थी। महिला और उसका पति, जो मोदीनगर में आभूषण व्यवसायी हैं, ने खुद को जरूरतमंद बताते हुए उदित से ब्याज पर रुपये उधार लेने शुरू किए। आरोप है कि विश्वास बनाकर दंपती ने मुथूट गोल्ड लोन कंपनी से लगभग 50 तोला वजनी सोने के आभूषण छुड़वाए और अपने पास रख लिए। यह घटना 22 अप्रैल 2024 की बताई जा रही है। जब उदित ने हिसाब मांगने की कोशिश की तो दंपती ने उन्हें जान से मारने और झूठे दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि धमकियों के चलते वह लगातार दबाव में रहा और 4 जून तक बैंक ट्रांसफर के जरिए लाखों रुपये आरोपी दंपती को देने पड़े। इसके अलावा, उसने 10 लाख रुपये नकद भी उनके कहने पर सौंपे।

# इंद्रजीत सिंह टीटू को मिली बड़ी राष्ट्रीय जिम्मेदारी, स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के महानगर कार्यालय मेरठ रोड पर गुरुवार को एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने की। यह कार्यक्रम विशेष रूप से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंद्रजीत सिंह टीटू के सम्मान में आयोजित किया गया, जिन्हें हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री माननीय चौधरी जयंत सिंह के दिशा-निर्देश पर और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी की सहमति से एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी केवल इंद्रजीत सिंह टीटू के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे गाजियाबाद और पंजाबी समाज के लिए भी गौरव का विषय है। उत्तर प्रदेश में पांच ऐसे निष्ठावान और योग्य कार्यकताओं को चुना गया है जो पार्टी की रीढ़ बन सकें – और उनमें से एक नाम है इंद्रजीत सिंह टीटू का। कार्यक्रम की शुरूआत इंद्रजीत सिंह टीटू ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। पूरी सभा का संचालन प्रदेश महामंत्री श्री रविंद्र चौहान ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने संभाली। इंद्रजीत सिंह के कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं से उनका गर्मजोशी भरा स्वागत किया। पूरे जिले से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद बार एसोसिएशन चुनाव में थमी खींचतान, 14 नवंबर को होगा मतदान

**गाजियाबाद।** लंबे समय से चली आ रही गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर खींचतान अब थमती दिखाई दे रही है। बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मंगलवार को औपचारिक रूप से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी, जिससे चुनावी प्रक्रिया को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। दीपक शर्मा ने उस कार्यक्रम को ही मान्यता दी है, जिसे शबनम खान ने पहले घोषित किया था।

# नोएडा डीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजर पर की एफआईआर वाली कड़ी कार्यवाही, एसआईआर शुरू होते ही नपे 143 कर्मचारी

वेलकम इंडिया

> 3 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और 12 सहायक अधिकारियों के वेतन रोकने का आदेश दिया है। इसके अलावा 130 बीएलओ और 13 सुपरवाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, कानूनी कार्रवाई करने और वेतन रोकने के भी निर्देश जारी किए गए हैं

**इंद्रेश शर्मा , गौतमबुद्धनगर ।** गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम ने अब तक की सबसे कड़ी कार्रवाई करते हुए लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कदम उठाए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद नोएडा समेत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सख्ती का असर दिखने लगा है। डीएम मेघा रूपम को समीक्षा के दौरान पता चला कि विधानसभा चुनाव के काम में कर्मचारियों ने गंभीर अनदेखी की है। इस पर उन्होंने अपनी नाराजगी साफ जाहिर की। इसके बाद उन्होंने 143 कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। इसके अलावा कई अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन भी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम की इस कार्रवाई से निर्वाचन प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों में हड़कंप मचा गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत आयोग ने 1 जनवरी 2026 की तारीख तय की है। इस प्रक्रिया में 4 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक गणना प्रपत्रों के वितरण और प्राप्ति का काम किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट मेधा रूपम ने समीक्षा के दौरान देखा कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर तहसील से गणना प्रपत्र लेकर जरूरी कार्रवाई समय पर शुरू नहीं कर पाए हैं।

